Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, Tel: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited**, Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited**, Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Secur ties (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them In the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

श्रेष्ठ फुटबाल क्लब की 28.0 से बड़ी जीत

फरीदाबाद। मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर.14 की स्पोर्टस अकादमी में जारी मानव रचना यूथ कप टूर्नामेंट में अंडर-12 आयु वर्ग के एक मैच में दक्षिण दिल्ली की श्रेष्ठ एफसी की टीम ने एमआरआईएस 21सी.ए के गोल पोस्ट पर गोलों की झड़ी लगा दी। श्रेष्ठ एफसी ने प्रतिद्वंद्वी टीम को 28.0 से शिकस्त दी। दक्षिण दिल्ली टीम के लिए प्रणव बहादुर ने दस गोल, सिद्धार्थ लांबा ने 9, आकाश श्रेष्ठ ने 5, खुशी युवराज सिंह ने 2.2 गोल किए। अंडर-8 आयु वर्ग में मानव रचना स्पोर्टस अकादमी की टीम ने बनिस्बत अच्छा खेल दिखाया। एमआरएसए सोल्जर्स ने एनआईएफसी अकादमी को 3.1 से हराया।



विजयादशमी महोत्सव सम्पन्न

फरीदाबाद। फरीदाबाद पश्चिम महानगर के विवेकानंद नगर की केशव बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। विजयादशमी के महत्व, संघ की स्थापना के उद्देश्य, संघ के योगदान तथा संघ के विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर प्रकाश डाला गया। एनएच 4 एयर फोर्स मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अधिकारियों के रूप में दत्तात्रेय होसबाले, सह विभाग संघचालक संजय, महानगर संघचालक तथा त्रिलोक सह विभाग कार्यवाह उपस्थित रहे।



अपने भीतर की असुरी प्रवृत्तियों पर ही विजय से देवत्व प्रवृत्तिया प्राप्त करना, विजयदशमी पर्व का उत्सवी भावः स्वामी पुरुषोत्माचार्य

विजयदशमी पर्व का उत्सव भक्ति, आस्था और श्रद्धा के बीच उत्साह उमंग के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭फरीदाबाद

सूरजकुंड मार्ग स्थित श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में मंगलवार को विजयदशमी पर्व का उत्सव भक्ति, आस्था और श्रद्धा के बीच उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीरामानुज संप्रदाय की तीर्थपीठ इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने हवन



में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याणए सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। श्री गुरु महाराज ने उपस्थित जनसमूह को आशीर्वाद दिया और अपने प्रवचन में उन्होने कहा कि अहंकार का त्याग करना और धर्म की राह पर चलना ही विजयदशमी उत्सव है। मनुष्य को अपने भीतर की असुरी प्रवृत्तियों पर ही विजय से देवत्व प्रवृत्तियां प्राप्त करना विजयदशमी पर्व का उत्सवी भाव है। अर्थात अपने भीतर की बुराईयों का दहन करना ही रावण दहन है और यही विजयदशमी उत्सव है। जिस प्रकार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अधर्म पर विजय प्राप्त कीए उसी प्रकार मनुष्यों को भी अपने भीतर की नकारात्मक भावों को समाप्त करना चाहिए।

आश्रम में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा

इस अवसर पर गुरु महाराज श्री ने आश्रम के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2027 के कैलेंडर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में जयपुर से आए भजन गायक संजय पारीक और लोकेश शर्मा ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

बंद पड़े किंगडम ऑफ ड्रीम्स में फिर लगी आग, 5 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू



धर्मेंद्र कौशिक ⏭गुरुग्राम

सेक्टर-29 स्थित बंद पड़े किंगडम ऑफ ड्रीम्स केओडी में सोमवार रात करीब 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। परिसर के अंदर रखे कबाड़ और पुराने सामान में आग की लपटें उठती देख फायर विभाग को सूचना दी गई। रात 10:09 बजे सूचना मिलने पर सेक्टर-29 फायर स्टेशन से पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। बंद पड़े इस आलीशान परिसर में बार-बार आग लगने की घटनाओं ने इसकी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

करीब छह एकड़ में फैला किंगडम ऑफ ड्रीम्स 100 करोड़ रुपये से अधिक के लीज रेंट विवाद के चलते जुलाई 2022 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण एचएसवीपी ने सील कर दिया था। इसके बाद से परिसर बंद पड़ा है। यहां पहले भी कई बार आग लग चुकी है। परिसर में कबाड़, थर्माकोल के ढांचे और पुराने शो से जुड़ा सामान बड़ी मात्रा में रखा हुआ है।

सेक्टर-52 के खाली प्लॉट में कूड़े में लगी आग, पास खड़ी कार जलकर राख



गुरुग्राम। सेक्टर-52 स्थित खाली प्लॉट में सोमवार शाम कूड़े में आग लगने से पास खड़ी एक कार जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर सेक्टर-29 फायर स्टेशन से दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। फायरकर्मियों की सतर्कता से पास खड़ी दूसरी कार को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। 19 अक्टूबर शाम करीब 5:30 बजे प्लॉट में पड़े कूड़े में अचानक आग लग गई। शाम 5:47 बजे सूचना मिलने पर फायर टीम मौके पर पहुंची। आग कूड़े के पास खड़ी एक पुरानी कार तक पहुंच गई, जिससे वह पूरी तरह जल गई। दूसरी कार को बचाने के लिए दमकलकर्मियों ने उसके आसपास पानी का छिड़काव किया। सेक्टर-53 थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। सेक्टर-53 थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार के अनुसार, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। जली हुई कार के मालिक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

चोरी के दौरान आग लगने की आशंका

वरिष्ठ फायर अधिकारी नरेंद्र यादव के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आशंका है कि सामान चोरी करने के दौरान किसी असामाजिक तत्व ने कुछ जलाया हो, जिससे आग लगी। आग में काफी सामान जल गया है। नुकसान का आकलन जांच के बाद किया जाएगा।

श्रीराम ने रावण का अंत कर अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की थी

मंत्री नागर ने सेक्टर-37 सामुदायिक मैदान में किया दशानन दहन

बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व दशहरा से लें प्रेरणा: राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि दशहरा पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। भगवान श्रीराम ने रावण का अंत करके अधर्म पर धर्म की विजय स्थापित की थी। आज रावण दहन के प्रतीक के माध्यम से हमें अपने भीतर छिपी बुराइयों, अहंकार, क्रोध और नकारात्मकता को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए।

मंत्री राजेश नागर ने यह बात सेक्टर.37 स्थित सामुदायिक मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव के दौरान कही। उन्होंने यहां दशानन रावण का दहन किया और उपस्थित लोगों को दशहरा एवं नवमी पूजन की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में बुराई नहीं चाहता, लेकिन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए इसकी



शुरुआत स्वयं से करनी होगी। जब व्यक्ति स्वयं में सुधार करेगा, तभी परिवार और समाज में बदलाव आएगा। समाज के सुधरने से देश मजबूत होगा और भारत निरंतर प्रगति करते हुए विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। मंत्री नागर ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। दशहरा हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने तथा अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

दशहरा उत्सवों में शिरकत की

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित दशहरा उत्सवों में भी शिरकत की। उन्होंने पुरी प्राणायाम सोसाइटी, नवीन नगर, इस्माइलपुर, अरावली इंटरनेशनल स्कूल के निकट, अजय नगर, शिव एंक्लेव और मंझावली सहित अनेक स्थानों पर पहुंचकर स्थानीय लोगों को दशहरा पर्व एवं नवमी पूजन की बधाई दी। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए पर्व को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। इस दौरान विक्की भड़ाना, अजय प्रताप भड़ाना, शंकर ठाकुर, प्रहलाद शर्मा, जयवीर खटाना, जसवंत सिंह, नितिन दायमा आदि अनेक प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे।

डंपिंग यार्ड के विरोध में धरने पर बैठे लोगों को जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया समर्थन

अरावली को कूड़ा घर नहीं बनने देंगे, डंपिंग यार्ड हटने तक जारी रहेगी लड़ाई: बलजीत कौशिक

कांग्रेस का एक -एक कार्यकर्ता आंदोलनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ देगा

हरिभूमि न्यूज ⏭फरीदाबाद

गुरुग्राम-फरीदाबाद मार्ग पर बड़ी हनुमान जी की प्रतिमा के पास प्रस्तावित डंपिंग यार्ड को लेकर स्थानीय लोगों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से डंपिंग यार्ड के विरोध में धरने पर बैठे गांव भांखरी, नवादा, सैनिक कॉलोनी, अचीवर सहित विभिन्न कॉलोनियों के लोगों को आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने धरनास्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने लोगों की मांग को जायज बताते हुए सरकार और नगर निगम से डंपिंग यार्ड को हटाने की मांग की।

इस दौरान बलजीत कौशिक ने आंदोलन



कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक नगर निगम डंपिंग यार्ड को नहीं हटाता, तब तक कांग्रेस का एक -एक कार्यकर्ता आंदोलनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनका साथ देगा। उन्होंने कहा कि यह केवल कुछ गांवों और कॉलोनियों का मुद्दा नहीं है, बल्कि अरावली पर्वतमाला के संरक्षण, पर्यावरण की सुरक्षा और आम नागरिकों के स्वस्थ जीवन से जुड़ा गंभीर विषय है। धरनास्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि अरावली हमारी जीवनदायिनी है और इसे किसी भी कीमत पर कूड़ा घर नहीं बनने दिया जाएगा। अरावली पर्वतमाला पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्रकृति के संतुलन और क्षेत्र की हरियाली को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। ऐसे में इस क्षेत्र में कूड़ा डालने की व्यवस्था करना लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की बातें की जाती हैं, वहीं दूसरी ओर अरावली जैसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक क्षेत्र को कूड़े का केंद्र बनाने की स्थिति पैदा की जा रही है।

दाह-संस्कार के 12 घंटे के भीतर पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

जमीन का सौदा रद्द होने की रंजिश में चचेरे भाई की पत्नी की हत्या, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुरुग्राम

सोहना क्राइम ब्रांच ने सोहना के दौहला गांव में चचेरे भाई की पत्नी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी संदीप समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, जमीन का सौदा रद्द होने और बयाने के एक लाख रुपये वापस मिलने की रंजिश में संदीप ने अपने चचेरे भाई की पत्नी की हत्या की साजिश रची थी।

एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी संदीप (35) निवासी दौहला, गुरुग्राम और



उसके दो साथी अनुज (29) निवासी सहारनपुर, यूपी व अवनिश (30) निवासी हरिद्वार, उत्तराखंड शामिल हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मृतका नीतू मुख्य आरोपी संदीप के चचेरे भाई की पत्नी थी। संदीप पहले भारतीय सेना में था, लेकिन धोखाधड़ी के मामलों के चलते 2023 में उसका कोर्ट मार्शल हो गया था। संदीप अपने चचेरे भाई की जमीन बिकवाना चाहता था और उसने एक लाख रुपए बयाना भी दिया था।

नई दिल्ली
बुधवार 21 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 184
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 17

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

टाइगर पर हमले के बाद सलमान ने लिया 'ब्रेक'

मुंबई। मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद सोशल मीडिया और कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से सलमान खान ने 'बिग बॉस 20' से ब्रेक ले लिया है। उनकी जगह अब रोहित शेट्टी बिग बॉस में वीकेंड का वार होस्ट करेंगे। हमले के बाद सलमान को मुंबई के प्राइवेट एयरपोर्ट पर देखा गया। जहां उनकी सुरक्षा में सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा कड़ा पहरा नजर आया।



दलेर के बचाव में उतरे मीका बोले- शराब पीते नहीं देखा

नई दिल्ली। गायक दलेर मेहंदी पर शराब पीकर प्रस्तुति देने के आरोपों के बीच उनके भाई मीका सिंह ने उनका बचाव किया है। मीका ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने 30 साल के करियर में दलेर को कभी शराब पीते नहीं देखा। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि किसी ने दलेर को शराब पीते देखा हो तो वह बता दे। हाल ही में बड़ी सर्जरी हुई है, इसके बावजूद वह पेशेवर जिम्मेदारी निभाने कार्यक्रम में पहुंचे थे। टिहरी के कुंजापुरी मेले में प्रस्तुति के दौरान मंत्री सुबोध उनियाल की टिप्पणी के बाद यह विवाद चर्चा में आया।



बहन-चालक और मॉडल श्रद्धा नागपुर से गिरफ्तार

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में फरार चल रही मॉडल श्रद्धा दुबे को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी बहन रश्मि दुबे और चालक दानिश को भी हिरासत में लिया है। तीनों को लखनऊ लाकर पूछताछ की जाएगी। आरोपियों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक 9 अक्टूबर को हजरतगंज थाने में रंजना शर्मा की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। श्रद्धा, उसकी बहन और चालक फरार थे।



नागपुर में संघ के विजयादशमी उत्सव में सरसंघचालक डॉ. भागवत बोले

भारत, हिंदू समाज और संघ को तोड़ने पश्चिम से आसुरी आंधी चली

रिजीम चेंज से नहीं बदलते हालात हम जब भी बंटे हैं, तब कमजोर हुए



डॉ. मोहन भागवत

- संघ प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुनिया में अराजकता फैलाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाली आसुरी ताकतें भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं

> भारत के समाज का पुरुषार्थ सुदृढ़ नीतियां, नेतृत्व, देशाभिमान तथा विश्व के प्रति अपने दायित्व के बोध की जागृति के कारण सभी क्षेत्रों में यशस्वी हो रहा

एजेंसी ▸▸ नागपुर

नागपुर के रेशिमबाग मैदान में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पारंपरिक विजयादशमी उत्सव के अवसर पर संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित करते हुए एक ओर जहां भारत की बढ़ती वैश्विक साख की सराहना की, वहीं दूसरी ओर देश को अस्थिर करने में जुटी वैश्विक और आंतरिक ताकतों को लेकर गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रिजीम चेंज से हालात नहीं बदलते हैं। हम जब भी बंटे हैं, तब कमजोर हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दुनिया में अराजकता फैलाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने वाली आसुरी ताकतें भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि आप सब की अच्छी तरह समझी इन बातों को इसलिए दोहरा रहा हूं क्योंकि समझदार लोग भी ▸▸शेष पेज 4 पर

आंदोलन संवैधानिक दायरे, शांति और भाईचारे की सीमा के भीतर ही होने चाहिए


आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत शस्त्र पूजन करते हुए

हर समस्या का समाधान सरकार या आंदोलनों से नहीं, बल्कि संवाद और सक्रियता से ही संभव

भारत ने शक्ति तथा सुनीति से विश्व में अपना ताकतवर स्थान बनाया

आसुरी ताकतों के खेल बंद होंगे

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की इस प्रकार की प्रगति के कारण विश्व के राष्ट्रों में अराजकता खड़ी कर अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए सहायक हो सकने वाले अपने पिट्ठुओं को वहां स्थापित करने का षडयंत्र करने वाली ताकतों के खेल बंद होंगे। इस वस्तुस्थिति को ये आसुरी ताकतें जानती है। इसलिए भारत ही उसका निर्णायक व सबसे बलवान प्रतिस्पर्धी और अंतिम एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। ये आसुरी शक्तियां भारत, हिंदू व संघ को किस प्रकार तोड़ सकते हैं, इस का विचार कर योजना बनाकर वे कार्य करती हैं। उन्हीं की प्रकृति के कुछ लोग इसमें उन्हें सहायता के लिए मिल जाते हैं। क्षुद्र सत्तास्वार्थ तथा विवेकहीनता के कारण देश के कुछ महत्वाकांक्षी नेता लोग भी शामिल होते है।

आंदोलन दूसरे लक्ष्य से चले तो बन जाता है राजनीति का साधन

कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों की इशारा करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि अपने इतने बड़े समाज में समस्याएं तो है। व्यवस्था की कमियां भी ढेर सारी होगीं। उनके चलते आंदोलनों का होना भी स्वाभाविक ही है। परंतु आंदोलन समाधान देने के लिए होने चाहिए। संघ प्रमुख ने अपील करते हुए कहा कि आंदोलन करने वाला समाज का कोई समूह हो, शांति व सुव्यवस्था कायम रखने के लिए कार्यवाही करने वाला शासन-प्रशासन या राजनीतिक नेतागण हो, यह ध्यान रखना चाहिए कि अपने एक अखंड समाज में हमारी करनी के कारण किसी प्रकार की अनबन, द्वेष, त्वेष, मलाल या विभाजन पैदा नहीं होना चाहिए। भावनाएं तीव्र होने पर भी हमारे संविधान कानून की मर्यादा में बोलचाल चलन के भद्र व्यवहार के संकेतों की मर्यादा ▸▸शेष पेज 4 पर

जला बुराई का प्रतीक रावण


पीएम मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन मैदान में रावन दहन किया

पीएम मोदी ने तीर चलाकर रावण दहन कर कहा

दशहरा भारत की प्राण ऊर्जा... राम के आदर्शों से 'विकसित भारत' की प्रेरणा लें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दशहरे के मौके पर मंगलवार को दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन मैदान में आयोजित रामलीला में शामिल हुए। उन्होंने रामलीला के कलाकारों की आरती उतारी और प्रतीकात्मक तीर चलाकर रावण दहन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विजयदशमी विजय का पर्व है, जीत का पर्व है। यह हमें साहस देता है कि शत्रु कितना भी बड़ा हो लेकिन सच्चाई और मानवता से जीत हमारी होता है। मोदी ने कहा कि हमारे सामने विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य है। इसके लिए भी भगवान राम से भी प्रेरणा लेनी है। पीएम मोदी ने कहा कि हमें गरीब वंचित की सेवा को सर्वोपरी करना है। श्रीराम के जीवन के हमें बहुत सीख मिलती है। कितनी भी बड़ी परेशानी है, कितनी भी बड़ी चुनौती हो, हमें दूसरों के भरोसे नहीं बैठना है, हमें अपने संकल्प को शक्ति बनाना है। अपने परिश्रम से रास्ता निकालना है। रास्ते की कठिनाइयां हमारे पराक्रम को रोक नहीं सकतीं।


नरेंद्र मोदी

सेवा और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना दिवस पर पीएम मोदी और शाह ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 101वें स्थापना दिवस के अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संघ की एक सदी की यात्रा को सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता के प्रति समर्पण का उल्लेखनीय उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संगठन के असंख्य स्वयंसेवकों ने कर्तव्यबोध और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज की सेवा की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी यह भावना देश के विकास को मजबूती प्रदान करती रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में संघ के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय शताब्दी पूरी की है। उन्होंने संघ के उन कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया, जिन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम किया है। मोदी ने अपने संदेश में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और देश के प्रति ▸▸शेष पेज 4 पर

सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण पर जोर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना दिवस संगठन की स्थापना और उसकी वैचारिक-सामाजिक यात्रा की याद दिलाता है। संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। इस लिहाज से वर्ष 2026 में संघ अपने 101वें स्थापना वर्ष में प्रवेश कर चुका है। संघ की गतिविधियों में शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों का संगठन, सामाजिक सेवा, आपदा के समय राहत कार्य और विभिन्न सामाजिक ▸▸शेष पेज4 पर

अमित शाह ने भी स्वयंसेवकों की सेवा भावना को सराहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आरएसएस के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक 'राष्ट्र प्रथम' की भावना और अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत माता की सेवा में समर्पित हैं। शाह ने कहा कि देशभर में संघ के स्वयंसेवकों की ओर से किए जा रहे सेवा कार्य एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को लगातार मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के समर्पण और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए राष्ट्रहित में उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री के संदेश में इस बात पर जोर दिया गया कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा कार्यों के माध्यम से देश के विकास और सामाजिक दायित्वों के प्रति ▸▸शेष पेज 4 पर



राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने पदक विजेताओं को दी बधाई

एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और पदक जीतने के सिलसिले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी है। दोनों शीर्ष नेताओं ने पदक विजेताओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन देश के लिए गर्व का क्षण है।

खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता हासिल करने की प्रतिबद्धता न केवल भारतीय खेल जगत को गौरवान्वित कर रही है, बल्कि युवा खिलाड़ियों को भी बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पैरा टेबल टेनिस, पैरा पावरलिफ्टिंग, भाला फेंक ▸▸शेष पेज 4 पर



प्राची पांडे और जेहान डोराब मदन को भी बधाई

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी प्राची पांडे को महिला एकल क्लास-6 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें इस वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के लिए सराहा। राष्ट्रपति मुर्मू ने ▸▸शेष पेज 4 पर

बेबी सहाना रवि ने रचा इतिहास

राष्ट्रपति मुर्मू ने महिला एकल क्लास-9 पैरा टेबल टेनिस स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली बेबी सहाना रवि को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन खेलों में स्टैंडिंग श्रेणी में भारत का पहला पदक जीतना ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह ऐसा क्षण है, जिसे देश को गर्व के साथ संजोना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बेबी सहाना रवि की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि पदार्पण में ही पदक जीतना उनकी सफलता को और खास बनाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि युवा खिलाड़ियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

मनीष नरवाल और अशोक ने जीते रजत पदक

पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले मनीष नरवाल को राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मनीष अपनी एकाग्रता और प्रतिबद्धता के दम पर लगातार खुद को साबित कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने भी उनकी सटीक निशानेबाजी की सराहना करते हुए कहा कि हर निशाना महत्वपूर्ण होता है और उनका प्रदर्शन देश के लिए खुशी का अवसर है। पुरुष 65 किलोग्राम से कम भार वर्ग की पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक ▸▸शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

नशे के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

नई दिल्ली। आउटर डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने रामलीला समारोहों के दौरान साइबर धोखाधड़ी और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। 'कम्युनिटी पुलिसिंग सेल' और 'शिष्टाचार स्क्वॉड' के माध्यम से रामलीला मैदानों सहित जिले की विभिन्न जगहों पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को साइबर सुरक्षा और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के बारे में जागरूक करना था।

लापता हुए चार नाबालिग बच्चों को पुलिस ने खोजा

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एएचटीयू यूनिट और शाहबाद डेयरी थाना पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता हुए चार नाबालिग बच्चों को खोज निकाला। सभी बच्चों को सुरक्षित उनके माता पिता के हवाले कर दिया गया है। एडिशनल डीसीपी-1 लोकेश्वरन आर के मार्गदर्शन वाली टीम ने ऑपरेशन मिलाप के तहत चलाए गए दो अलग-अलग अभियानों में सबसे पहले 17 वर्षीय एक नाबालिग लड़की को बरामद किया। उसके लापता होने की रिपोर्ट भलस्वा डेयरी थाने में 11 अक्टूबर को दर्ज हुई थी।

एमसीडी कर्मी पर हमला पिता-पुत्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के हर्ष विहार इलाके में पैसों को लेकर हुए विवाद में एमसीडी कर्मचारी पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोप में पिता पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम प्रताप सिंह और आशीष बताये गये हैं। यह घटना 18 अक्टूबर को तब हुई, जब आरोपियों ने पैसों को लेकर हुए विवाद के बाद दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी अश्विन (34) पर हमला किया। डीसीपी राहुल ने बताया कि घायल व्यक्ति को उसके दोस्त ने जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। अपने बयान में घायल एमसीडी कर्मचारी ने बताया कि वह अपने सहकर्मी सोनू सागर के साथ बैठा था।

पीरागढ़ी की बहुमंजिला फैक्टरी में लगी आग

नई दिल्ली। पीरागढ़ी क्षेत्र के ज्वालापुरी इलाके में मंगलवार तड़के एक बहुमंजिला फैक्टरी में भीषण आग लग गई। दमकल की 11 गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों की पड़ताल की जा रही है।दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि पीरागढ़ी चौक के पास स्थित इस फैक्टरी में आग लगने की सूचना सुबह पांच बजकर 40 मिनट पर मिली। शुरू में दमकल की नौ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

विकासपुरी में झूले का दरवाजा टूटा, दो जख्मी

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में मंगलवार को एक दशहरा मैदान में झूले का दरवाजा टूटने से दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को पहले माता चनन देवी अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के चलते बाद में उन्हें आर एम एल अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की बात कहीं है। घटना सोमवार देर रात करीब 1:36 बजे विकासपुरी के एफ ब्लॉक स्थित दशहरा मैदान में उस समय हुई, जब मिक्सर राइड का दरवाजा टूट गया, जिससे दो लोग नीचे गिर गए।

रावण दहन : यातायात प्रतिबंध रहे लागू

नई दिल्ली। दशहरा कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार शाम से देर रात तक अलग-अलग इलाकों में यातायात प्रतिबंध लागू रहे। इस दौरान कई प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन किया गया था, जिससे कई इलाकों में जाम के हालात भी देखने को मिलें। उधर बाइक सवार हुड़दंगियों ने भी खूब नियमों का उल्लंघन किया और कई जगह पुलिस मूकदर्शक बनकर देखती रही।यातायात पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लाल किला, रामलीला मैदान एवं द्वारका में रावण दहन कार्यक्रम में वीवीआईपी की आवाजाही की संभावना को देखते हुये मार्ग परिवर्तन लागू किये गये।

खाद्य सुरक्षा विभाग को कई इकाइयों में मिलीं कमियां

त्योहारी खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से नहीं होना चाहिए समझौता : रेखा गुप्ता

- त्योहारों के सीजन में मिठाई निर्माताओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली


फाइल फोटो



दिल्ली सरकार का प्रयास है कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों तथा त्योहारों की खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से समझौता नहीं होना चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षण के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनहित और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए जागरूकता, जवाबदेही और निर्धारित मानकों का पालन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर राजधानी में मिठाई निर्माताओं और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई इकाइयों में स्वच्छता, साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के भंडारण और उन्हें संभालने के निर्धारित तौर-तरीकों में कमियां सामने आईं। विभागीय टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से प्रवर्तन एवं निगरानी के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने भी एकत्र किए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की जनहितैषी कार्यशैली का केंद्र नागरिकों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण है।

होगी कार्रवाई

इसी तरह नारायणा स्थित मीठी फूड्स में चिमनी पर मकड़ी के जाले, कीटों के प्रवेश को रोकने के अपर्याप्त इंतजाम और कर्मियों के निजी सामान रखने के लिए अलग निर्धारित स्थान की कमी पाई गई। तैयार प्रीमिक्स पर निर्माण की तारीख का लेबल भी नहीं लगा था। यहां से काजू बर्फी और खजूर बर्फी के नमूने लिए गए। विभाग का यह भी कहना है कि निरीक्षण के दौरान चांदनी चौक स्थित 'चैना राम सिंधी हलवाई' प्रतिष्ठान से पिस्ता बर्फी और खोया, मथुरा रोड स्थित 'हल्दीराम मार्केटिंग' से केसर पेड़ा, ओखला स्थित 'बीकानेर वाला' से बादाम और पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'हीरा स्वीट्स' से पेड़ा के नमूने एकत्र किए गए।

साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाएं मिलीं असंतोषजनक

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को निरीक्षण के दौरान विद्या विहार (हस्तसाल) औद्योगिक क्षेत्र स्थित काली घटा स्वीट्स की निर्माण इकाई में स्वच्छता और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाएं असंतोषजनक पाई गईं। इसके उत्तम नगर स्थित आउटलेट में भी सुधार की जरूरत बताई गई। दोनों परिसरों से केसर रसभरी, आलू भुजिया, घी और पालक बूंदी के चार नमूने लिए गए। चांदनी चौक स्थित भीकाराम चांदमल प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण में स्वच्छता और साफ-सफाई से जुड़ी कई कमियां मिलीं। यहां से खोया और रसभरी के नमूने एकत्र किए गए।

पैकेजिंग से जुड़े दस्तावेजों में मिलीं खामियां

सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीम को ओखला फेज-2 स्थित एवरग्रीन स्वीट हाउस के भंडारण क्षेत्र में कीटों की सक्रियता देखी गई। निरीक्षण के दौरान पानी की जांच संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी और कर्मचारी बिना दस्तानों के खाद्य पदार्थ संभालते पाए गए। विभाग ने यहां से बूंदी दाना और खोया के नमूने लिए। बादली औद्योगिक क्षेत्र स्थित पुरी बेकर और बंसीवाला स्वीट्स इकाइयों का निरीक्षण किया गया। यहां से पीले रंग वाली रसमलाई और केक बनाने में इस्तेमाल होने वाले फैट इमल्शन के नमूने एकत्र किए गए।

खोया, बूंदी लड्डू, काजू बाइट के नमूने लिए

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को नारायणा स्थित ग्रोवर स्वीट कॉर्नर में सामान्य स्वच्छता संतोषजनक पाई गई, लेकिन निरीक्षकों ने खुले कूड़ेदान, कार्यक्षेत्र में कर्मियों के कपड़े रखे होने और खिड़कियों पर कीटरोधी जाली नहीं होने जैसी कमियां दर्ज कीं। पानी और उत्पादों की जांच संबंधी रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं थी। यहां से खोया और बूंदी के लड्डू के नमूने लिए गए। आईपी एक्सटेंशन स्थित सिंगला स्वीट्स में छत की परत उखड़ने, खिड़कियों पर कीटरोधी जाली नहीं होने और एग्जॉस्ट सिस्टम पर चिकनाई जमा होने जैसी समस्याएं मिलीं। फ्रीजर में रखे खाद्य पदार्थों का पृथक्करण और लेबलिंग भी उचित तरीके से नहीं की गई थी। विभागीय टीम ने यहां से खोया और काजू बाइट के नमूने एकत्र किए।

श्रीराम केवल हमारे आराध्य नहीं, जीवन के आदर्श भी हैं

सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर हमेशा होती है जीतः रेखा गुप्ता







- द्वारका सेक्टर 10 स्थित श्री रामलीला एवं विजयदशमी मेला को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सदियों से यह पर्व हमें प्रेरणा देता रहा है कि सत्य की असत्य पर, धर्म की अधर्म पर और न्याय की अन्याय पर हमेशा विजय होती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने द्वारका सेक्टर 10 स्थित श्री रामलीला एवं विजयदशमी समारोह में यह संबोधन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन केवल भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का उत्सव नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, न्याय और सदाचार की बुराई, अधर्म, अन्याय और अहंकार पर विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल हमारे आराध्य नहीं, बल्कि हमारे जीवन के आदर्श हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने रावण का वध कर अधर्म का नाश किया। रावण को सदियों से बुराई का प्रतीक माना जाता है, लेकिन आज के समाज में भी अनेक ऐसी बुराइयां मौजूद हैं, जिन्हें समाप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि अंधकार, अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या, भ्रष्टाचार, नशा, अपराध, सामाजिक भेदभाव, महिलाओं पर अत्याचार और नफरत जैसी बुराइयां आज भी समाज के सामने चुनौती हैं। इनका अंत तभी संभव है, जब हम सभी अपने भीतर श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें और उनके प्रतिबिंब के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

नफरत समाप्त कर प्रेम का दीप जलाने का आह्वान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए नफरत को समाप्त करना होगा और प्रेम का दीप जलाना होगा। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने तथा देशद्रोहियों को सबक सिखाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीय एक साथ मिलकर देश की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करें।

राम के आदर्श अपनाएं, देश को आगे बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यदि हम अपने जीवन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को नहीं अपनाएंगे तो समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करना कठिन होगा। उन्होंने कहा कि राम का जीवन-वृत्त हमें आत्ममंथन करने और अपने भीतर मौजूद बुराइयों को पहचानकर उन्हें समाप्त करने की प्रेरणा देता हैं। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व हम सभी को यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलें, अपने आसपास मौजूद बुराइयों को खत्म करने में योगदान दें और देश की तरक्की के साथ जुड़कर आगे बढ़ें।

श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देता है रावण

रावण दहन हमें अपने भीतर की बुराइयों पर विजय पाने और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम के विनम्रता, समावेशिता और निस्वार्थ कर्तव्य के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। लाल किले के मैदान में लव कुश रामलीला समिति के विजयादशमी समारोह में शामिल हुए उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने सोशल मीडिया एक्स पर यह बात साझा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आइए, हम सभी एक स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक संवेदनशील दिल्ली के निर्माण के अपने सामूहिक संकल्प को दोहराएं। उन्होंने सभी को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

रणहौला हिस्ट्रीशीटर हत्याकांड में स्पेशल सेल ने दो शूटर पकड़े

नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने रणहौला में हिस्ट्रीशीटर के मर्डर केस में दो मुख्य शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनसे दो पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। पकड़े गये आरोपियों में एक का नाम रेहान गया है जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है।पुलिस के अनुसार 11 अक्टूबर को विकास नगर निवासी मो. मोहनीश (31) की हत्या विकास नगर के बी-ब्लॉक स्थित प्रधान चौक के पास की गई थी। मोटरसाइकिल पर सवार चार हमलावरों ने उसे पीछे से घेर कर करीब से अंधाधुंध फायरिंग की थी। मृतक पर स्नैचिंग, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और जबरन वसूली जैसे दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। मृतक पर आखिरी मामला पंजाबी बाग थाने में दर्ज हुआ था। हत्या के इस मामले की जांच करते हुए स्पेशल सेल ने पता लगाया कि मोटरसाइकिल पर सवार चार हमलावरों में रेहान और एक किशोर भी शामिल था। सोमवार को पुख्ता जानकारी मिलने के बाद रेहान और किशोर को नजफगढ़ के दिचाऊं-बामनोली इलाके से पकड़ा। नाबालिग के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुए, जबकि रेहान के पास से एक पिस्तौल मिली। रेहान से पूछताछ में पता चला कि मृतक मोहनीश ने जून 2026 में बॉबी नाम के एक व्यक्ति की हत्या की थी। रेहान निहाल विहार थाने में दर्ज एक अन्य मामले में जेल में था और मोहनीश से रंजिश रखता था, क्योंकि मोहनीश ने जेल में उसके साथ मारपीट की थी। इसके अलावा मोहन गार्डन का रहने वाला प्रीत और विकासपुरी की झुग्गी का रहने वाला विक्रम भी इस समूह में शामिल हो गए।

दशहरा पर्व तक ना रहे सीमित : विजेंद्र गुप्ता





नई दिल्ली । बुराई पर अच्छाई की जीत केवल दशहरे के उत्सव तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हमारे शासन करने के तरीके, हमारे आचरण और एक-दूसरे के प्रति हमारे व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए।" दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार शाम रोहिणी के सेक्टर-24 स्थित रामलीला मैदान में श्री राम लखन लीला समिति द्वारा आयोजित दशहरा समारोह को संबोधित करते हुए कही। विजयादशमी की शुभकामनाएँ देते हुए गुप्ता ने कहा कि यह पर्व पीढ़ियों से आगे तक जाने वाला संदेश देता है कि धर्म और सत्य की विजय तभी संभव है, जब व्यक्ति और संस्थाएँ अन्याय, बेईमानी तथा सत्ता के दुरुपयोग के विरुद्ध खड़े होने का साहस दिखाएँ। रोहिणी में दशहरा समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सार्वजनिक जीवन में न्याय, जवाबदेही और करुणा का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रावण के पुतले का दहन हमें समाज में आज भी बुराइयों का सामना करने की याद दिलाता है। वहीं, आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में कुंभकरण- मेघनाथ व रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन के बाद प्रभु श्री राम का राजतिलक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद बांसुरी स्वराज, समाजसेवी सत्यनारायण केजरीवाल व सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश उपस्थित रहे।

सुविधा | **हिंदू राव, स्वामी दयानंद और राजन बाबू अस्पतालों में खर्च होंगे 120 करोड़**

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मरीजों को मिलेगा सस्ता इलाज

निगम के तीन अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई जांच दरें घटाने को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं देने के क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम अपने तीन बड़े प्रमुख अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की दरें लगभग 20 प्रतिशत कम करने जा रहा है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंजूरी भी दे दी है। इस बारे में निगम द्वारा दी गई जानकारी अनुसार सत्या शर्मा ने निगम के तीन प्रमुख अस्पतालों में अत्याधुनिक सीटी स्कैन और एमआरआई जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। इस पहल के तहत हिंदू राव अस्पताल, स्वामी दयानंद अस्पताल और राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस में मरीजों को केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की निर्धारित दरों से 20 प्रतिशत कम कीमत पर जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं सत्या शर्मा ने बताया कि निगम का उद्देश्य दिल्ली के आम नागरिकों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मरीजों को किफायती दरों पर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इन तीनों अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं का विस्तार होने से मरीजों को अत्याधुनिक जांच सुविधाएं सुलभ होंगी और उन्हें कम खर्च में आवश्यक चिकित्सा जांच कराने में मदद मिलेगी। सत्या शर्मा ने बताया कि दाम कम करेनक बावजूद निगम पर इसका आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। क्योंकि इसके लिए निजी एजेंसी 120 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत लागू किया जाएगा। दस वर्ष की रियायत अवधि में लगभग 120 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें करीब 40 करोड़ रुपये मशीनों की स्थापना और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर पूंजीगत निवेश के रूप में तथा लगभग 80 करोड़ रुपये परिचालन खर्च शामिल हैं।

सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई

उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत तीनों अस्पतालों में न्यूनतम तीन 128-स्लाइस सीटी स्कैन मशीन और तीन 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ डिजिटल रिपोर्टिंग और जांच संबंधी रिकॉर्ड के प्रबंधन के लिए आरआईएस ,पीएसीएस प्रणाली भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे जांच सेवाओं के संचालन और रिपोर्ट प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। सत्या शर्मा ने कहा कि एमसीडी नागरिकों को बेहतर, आधुनिक और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

खबर संक्षेप



दिन-रात चलने वाले मुख्य मार्ग पर सूख गए कतार में लगे दर्जनों पेड़

नई दिल्ली। दिल्ली में 73 लाख से अधिक पौधे लगाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन पंजाबी बाग से राजौरी गार्डन की ओर जाने वाले मुख्य और व्यस्त मार्ग पर फ्लाईओवर के नीचे सूखे पेड़ों की कतार सरकारी दावों की जमीनी हकीकत की पोल खोल रही है। इस मार्ग पर सड़क किनारे खड़े पेड़ सूखे और बेजान नजर आ रहे हैं। यह दृश्य उस राजधानी का है, जहां प्रदूषण से निपटने के लिए हरियाली बढ़ाने की जरूरत लगातार महसूस की जा रही है। ऐसे में यहां से आने जाने वाले लोगों का कहना है कि जब शहर के प्रमुख मार्ग पर पेड़ों की यह हालत है, तो विभिन्न विभागों द्वारा दिल्ली और देहात के हर इलाके में लगाए गए लाखों पौधों की देखभाल आखिर किस हाल में हो रही होगी? पंजाबी बाग-राजौरी गार्डन मार्ग पर सूखे पेड़ों की मौजूदगी सरकार के दावों पर भी सवाल खड़े करती है। लोगों का कहना है कि यदि यहां नियमित निगरानी, सिंचाई और रखरखाव की व्यवस्था है, तो पेड़ों की यह स्थिति क्यों दिखाई दे रही है? और यदि देखभाल की जिम्मेदारी किसी विभाग की है, तो उसकी जवाबदेही कौन तय करेगा।



नशे की गिरफ्त से विद्यार्थियों को बचाने की मुहिम, स्कूल में बताए दुष्परिणाम

नई दिल्ली। विद्यार्थियों को नशे की लत से बचाना और उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार नागरिक बनाना आज की बड़ी सामाजिक जरूरत है। नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इसी उद्देश्य से हाल ही में नरेला स्थित एसबीवी स्कूल, पॉकेट-2, सेक्टर-ए में 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल 'मेरा युवा भारत' के तहत आयोजित पड़ोस युवा संसद का हिस्सा था। इसमें सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र (एसआरएचसी) अस्पताल, नरेला के मेडिसिन विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. जतिन भारद्वाज और नोडल अधिकारी सविता ने स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में विद्यार्थियों को जागरूक किया।



आईपीयू के कुलपति चरक पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली । आईपी विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा को इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए चरक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईपीयू प्रशासन ने मंगलवार का यह जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान विशेष महत्व रखता है, जो दंत चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान और शैक्षणिक नेतृत्व से आकार लिए व्यावसायिक सफर को दर्शाता है। इस अवसर पर कुलपति ने इस सम्मान के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन और उसके नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। अपने व्यावसायिक जीवन का अधिकांश समय दंत चिकित्सा और दंत शिक्षा में बिताने के बाद उन्होंने इस ज्ञान को आगे बढ़ाने, युवा पेशेवरों का मार्गदर्शन करने और इस पेशे के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जारी है, जिसमें सीखने, साझा करने और योगदान देने के लिए अभी बहुत कुछ है।

इलाके में दबदबा बनाने के लिए फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ जिले के स्पेशल स्टाफ ने भलस्वा डेयरी में 18 अक्टूबर को एक रिहायशी घर पर फायरिंग की घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शिव विहार, करावल नगर निवासी हरेंद्र उर्फ लाला उर्फ छोटा छेदी (24) के पास से दो देसी कट्टे और दो कारतूस बरामद किये गये।डीसीपी शोभित डी. सक्सेना का कहना है कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर भी हथियारों का प्रदर्शन किया था, ताकि वह अपनी एक आपराधिक छवि बना सके और इलाके में अपना दबदबा कायम कर सके। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में रहने वालों को डराने-धमकाने और इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से फायरिंग की थी।

बवाना में टाइल्स कारोबारी की कार और फैक्ट्री पर फायरिंग

नई दिल्ली। बवाना थाना इलाके के पूठ खुर्द में एक टाइल्स कारोबारी की कार और फैक्ट्री को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में 24 घंटे बाद भी अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। सीनियर अधिकारी कई टीमें जांच में लगाये जाने की बात कह रहे हैं। उधर इलाके के कारोबारियों में इस वारदात के बाद से दहशत व्याप्त है।सुरेंद्र कुमार का पूठ खुर्द में टाइल्स का कारोबार है। सोमवार शाम करीब चार बजे कार में सवार होकर आए अज्ञात बदमाशों ने उनकी फैक्ट्री पर करीब पांच राउंड गोलियां चलाई। उनमें से तीन गोलियां फैक्ट्री के गेट पर और दो गोलियां बाहर खड़ी कार पर लगी। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। शुरुआती जांच में मामला रंगदारी से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है।



खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई पर बोलीं-दिल्ली की सीएम रेखा

त्योहारी खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से ना हो समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का प्रयास है कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों तथा त्योहारों की खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से समझौता नहीं होना चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षण के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनहित और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए जागरूकता, जवाबदेही और निर्धारित मानकों का पालन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर राजधानी में मिठाई निर्माताओं और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई इकाइयों में



स्वच्छता, साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के भंडारण और उन्हें संभालने के निर्धारित तौर-तरीकों में कमियां सामने आईं। विभागीय टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से प्रवर्तन एवं निगरानी के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने भी एकत्र किए।

जांच रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

इसी तरह नारायणा स्थित मीठी फूड्स में चिमनी पर मकड़ी के जाले, कीटों के प्रवेश को रोकने के अपर्याप्त इंतजाम और कर्मियों के निजी सामान रखने के लिए अलग निर्धारित स्थान की कमी पाई गई। तैयार प्रीमिक्स पर निर्माण की तारीख का लेबल भी नहीं लगा था। यहां से काजू बर्फी और खजूर बर्फी के नमूने लिए गए। विभाग का यह भी कहना है कि निरीक्षण के दौरान चांदनी चौक स्थित 'चैना राम सिंधी हलवाई' प्रतिष्ठान से पिस्ता बर्फी और खोया, मथुरा रोड स्थित 'हल्दीराम मार्केटिंग' से केसर पेड़ा, ओखला स्थित 'बीकानेर वाला' से बादाम और पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 'हीरा स्वीट्स' से पेड़ा के नमूने एकत्र किए गए। विभाग के अनुसार इन सभी उत्पादों के संबंध में आगे की कार्रवाई प्रयोगशाला (लैब) की जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

साफ-सफाई मिली असंतोषजनक

रेखा गुप्ता ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को निरीक्षण के दौरान विद्या विहार (हस्तसाल) औद्योगिक क्षेत्र स्थित काली घटा स्वीट्स की निर्माण इकाई में स्वच्छता और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाएं असंतोषजनक पाई गईं। उत्तम नगर स्थित आउटलेट में भी सुधार की जरूरत बताई गई। चांदनी चौक स्थित भीकाराम चांदमल प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण में स्वच्छता और साफ-सफाई से जुड़ी कई कमियां मिलीं। अमन मिठाईवाला की दोनों निर्माण इकाइयों में नियमों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने में कमियां पाई गईं। टीम को ओखला फेज-2 स्थित एवरग्रीन स्वीट हाउस के भंडारण क्षेत्र में कीटों की सक्रियता देखी गई। निरीक्षण के दौरान पानी की जांच संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। विभाग ने यहां से बूंदी दाना और खोया के नमूने लिए। बादली औद्योगिक क्षेत्र स्थित पुरी बेकर और बंसीवाला स्वीट्स इकाइयों का निरीक्षण किया गया। यहां से पीले रंग वाली रसमलाई और केक बनाने में इस्तेमाल होने वाले फैट इमल्शन के नमूने एकत्र किए गए। दोनों निरीक्षणों के दौरान एफएसएसएआई लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किए।

नियमों की पालन करें खाद्य कारोबारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य कारोबार से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों को चाहिए कि वे स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, कर्मियों के प्रशिक्षण और खाद्य पदार्थों को उचित तरीके से संभालने के नियमों का पूरी जिम्मेदारी से पालन करें। सरकार का प्रयास है कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों तथा त्योहारों की खुशियों के बीच किसी के स्वास्थ्य से समझौता न हो।

रावण दहन के बाद निगम चलाएगा विशेष स्वच्छता अभियानः सत्या

नई दिल्ली। दशहरे के अवसर पर रावण दहन के बाद दिल्ली नगर रामलीला मैदानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएगा। इसकी घोषणा करते हुए स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए फैसला लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को रामलीला मैदानों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रावण दहन के अगले दिन सुबह के समय रामलीला मैदानों की विशेष कराई जाए, ताकि लोगों को जल्द से जल्द स्वच्छ वातावरण मिल सके। सत्या शर्मा ने बताया कि इसके लिए निर्देश में कहा गया है कि रावण दहन कार्यक्रमों के बाद अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाए। मैदानों में फैले कूड़े-कचरे को समयबद्ध तरीके से हटाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। दशहरे के अवसर पर रामलीला मैदानों में मेले के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, जिससे काफी मात्रा में कूड़ा जमा हो जाता है। केवल रावण दहन के बाद ही नहीं, बल्कि मेले के दौरान भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

भारद्वाज ने एलजी से की शिकायत

दशहरे पर कॉकरोच पार्टी का पुतला दहन का किया विरोध

- हजारों साल पुरानी सनातन परंपराओं का मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दशहरे के अवसर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का पुतला दहन करने के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पुरजोर विरोध करते हुए उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू से शिकायत की है। एलजी के अलावा सौरभ ने यह शिकायत दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार से भी की है और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले पर भारद्वाज ने कहा कि कॉकरोच का पुतला जलाने से हिन्दू आस्था आहत हुई है, इसलिए एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा विधायक अशोक कुमार देवराहा और रेखा सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा हिन्दू परंपराओं का

राजनीति में धर्म का इस्तेमाल नहीं

उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक और मंत्री, जेन-जी के खिलाफ अपनी सस्ती राजनीति के लिए हमारे हिंदू धर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कोई भी विधायक अथवा मंत्री हो, हिन्दू धर्म की हजारों साल पुरानी सनातन परंपराओं का मजाक उड़ाकर जेन-जी को नीचा नहीं दिखा सकते।

मजाक उड़ा रहे है। उन्होंने अपनी लिखित शिकायत में एलजी संधू व पुलिस आयुक्त से कहा है कि समाज में नफरत को बढ़ावा देने के लिए भाजपा के एक विधायक -मंत्री पर कार्रवाई करें- सौरभ भारद्वाज ने बताया कि केशव रामलीला समिति के अध्यक्ष व भाजपा विधायक अशोक कुमार देवराहा और दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज होना चाहिए।

कॉलोनियों में विकास कार्यों के दौरान गांव की हो रही अनदेखीः ग्रामीण

मुबारकपुर डबास में गलियां ऊंची, मकान नीचे और फिरनी रोड पर होता है जलभराव

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के गांव मुबारकपुर डबास में अनियोजित विकास और जल निकासी की समस्या ग्रामीणों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। चौगामा विकास समिति के महासचिव और ग्रामीण विजेंद्र सिंह डबास ने मंगलवार को सरकार पर अनदेखी का यह आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आसपास की कॉलोनियों में विकास कार्यों के दौरान गांव की समस्याओं की जमकर अनदेखी की जा रही है। इसका खामियाजा स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि रूप विहार, सूरत विहार, विद्यापति नगर, इंद्र एन्क्लेव फेज-3, अगर नगर, प्रवेश नगर और भाग्य विहार में गलियों का स्तर बार-बार ऊंचा किए जाने से गांव के मकान नीचे हो गए हैं। वर्ष 2025-26 में सीवर लाइन डालने के दौरान गांव की गलियां भी तीन से चार फुट तक ऊंची किए जाने का दावा करते हुए उन्होंने बताया कि आसपास की कॉलोनियों के पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से फिरनी रोड पर जलभराव होता है। इस वजह से बरसात में घरों में पानी घुसने का खतरा बना रहता है।

कांग्रेस ने यमुना सफाई को लेकर रेखा सरकार पर उठाए सवाल, छठ पूर्व बताया भाजपा की नौटंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यमुना नदी की साफ सफाई को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रेखा सरकार पर सवाल उठाते हुए इसे भाजपा की फोटो फोटो वाली वाली नौटंकी करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि यमुना की सफाई के नाम पर भाजपा सरकार की नौटंकी अब बेनकाब होती जा रही है। कब तक सीएम रेखा गुप्ता व उनके मंत्री आदि एक दिन कैमरों के सामने सफाई का दिखावा करके जनता और लाखों छठ व्रतियों को गुमराह करेंगी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि भाजपा सरकार छठ महापर्व से पहले यमुना घाटों की वास्तविक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे। सफाई कार्यों की पारदर्शी

कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा

उन्होंने पूछा कि छठ महापर्व पर भी क्या लाखों श्रद्धालु यमुना के इस जहरीले पानी में खड़े होकर अर्घ्य देने को मजबूर होंगे। सीएम रेखा गुप्ता जवाब दें कि क्या यमुना सफाई के नाम पर दिखावा करके छठ व्रतियों की आस्था और स्वास्थ्य से कब तक खिलवाड़ करना जायज है। छठ महापर्व अब नजदीक है, लेकिन यमुना की स्थिति में कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। जानकारी सार्वजनिक करे और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ घाटों की व्यवस्था को सुनिश्चित भी करे। यमुना की सफाई के नाम पर भाजपा सरकार केवल दिखावा और प्रचार करने में जुटी है।

प्रदूषण पर नियंत्रण को तैयार : सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में सर्दियों के दौरान बढ़ने वाले वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने व्यापक विंटर एक्शन प्लान तैयार किया है। 1 नवंबर 2026 से 28 फरवरी 2027 तक चलने वाली इस योजना के तहत वाहनों से होने वाले प्रदूषण, निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल और यातायात के दबाव को कम करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य दिल्लीवासियों को

- 1 नवंबर 26 से लागू होगा विंटर एक्शन प्लान
- पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं तो पेट्रोल-डीजल नहीं
- निर्माण स्थलों पर धूल रोकने के लिए सख्ती
- बीएस-6 से नीचे के बाहरी वाहनों पर प्रतिबंध की

स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना और प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को कम करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र यानी पीयूसी की जांच को सख्त करने की योजना है। इसके तहत वैध पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं होने पर पेट्रोल और डीजल नहीं देने की नीति लागू करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली के बाहर पंजीकृत बीएस-6 से नीचे के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का भी प्रस्ताव है।

पदक जीतना देश के लिए गर्व का विषयः इन्द्राज

नई दिल्ली। एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं की 400 मीटर टी 20 स्पर्धा में दीप्ति जीवनजी द्वारा स्वर्ण पदक तथा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में मनीष नरवाल द्वारा रजत पदक जीतना देश के लिए गर्व का विषय है। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा खिलाड़ियों दीप्ति जीवनजी और मनीष नरवाल की शानदार जीत पर यह बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

शियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने जीते पदक

रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।दिव्यांग खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ खेल जगत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समान अवसर, आत्मनिर्भरता और समावेशी समाज की भावना को भी सशक्त बनाती हैं।

बिजली की मांग में आई 600 मेगावाट तक की भारी गिरावट

नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को बिजली की अधिकतम खपत में एकाएक 600 मेगावाट तक की भारी गिरावट देखने को मिली। यह भारी गिरावट खपत के 24 घंटे से भी कम समय में दर्ज हुई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को बिजली की अधिकतम खपत का आंकड़ा महज 4086 मेगावाट दर्ज हुआ। सोमवार को आंकड़ा 4765 मेगावाट दर्ज हुआ था। आंकड़ों से साफ जाहिर है कि बिजली की मांग में 679 मेगावाट खपत में कमी हुई है। लेकिन न्यूनतम बिजली खपत में मामूली गिरावट ही दर्ज हुई। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस के अधिकारियों का कहना है कि यह भारी गिरावट कोई बड़ी बात नहीं है, केवल मौसम व अवकाश के चलते ऐसा हुआ है। अफसरों का कहना है कि सोमवार की तुलना में मंगलवार को मौसम में बदलाव हुआ जिसका असर बिजली की मांग में गिरावट के रूप देखने को मिल रहा है। वहीं दशहरे के चलते अधिकांश सरकारी कार्यालयों, संस्थानों व स्कूलों आदि में अवकाश रहा, जिसका असर भी मांग में गिरावट के रूप देखने को मिला है।

नवीन एवं
नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
भारत सरकार

खेतों से नवीकरणीय ऊर्जा तक,
भारत एक सतत भविष्य का निर्माण कर रहा है।

7TH AGRIVOLTAICS WORLD CONFERENCE 2026
POWERING THE GLOBAL SOUTH

21-23 अक्टूबर, 2026 | भारत मंडपम, नई दिल्ली



"भारत न केवल अपने विकास को बल्कि विश्व के विकास को भी गति दे रहा है, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।"
- श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री, भारत

एक साझा महत्वाकांक्षा के साथ एक वैश्विक समारोह

1500+ प्रतिनिधि | 30+ देश

सम्मेलन किसको आगे बढ़ाएगा

किसान एवं आजीविका
एग्रीवोल्टाइक्स के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के अवसरों की तलाश करना।

प्रौद्योगिकी एवं नवाचार
सौर ऊर्जा उत्पादन को कृषि गतिविधियों के साथ जोड़ने वाले दृष्टिकोण का प्रदर्शन करना।

नीति एवं निवेश
अनुकूल नीतियों और वित्तपोषण के माध्यम से एग्रीवोल्टाइक्स का विस्तार करने के उपायों की पहचान करना।

वैश्विक दक्षिण सहयोग
एग्रीवोल्टाइक्स को तेजी से अपनाने के लिए ज्ञान और समाधानों का आदान-प्रदान करना।



किसानों, ऊर्जा और अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए
एग्रीवोल्टाइक्स को बढ़ावा देना।

CBC 28101/13/0015/2627

जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ : भारत के डिजिटल भविष्य में हिस्सेदारी का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई

जियो की कहानी भारतीय कारोबार में सबसे उल्लेखनीय बदलावों में से एक है और इसका आईपीओ निवेशकों को इसके अगले अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर देता है। 2016 में जब जियो दूरसंचार बाजार में आया, तब वह बेहद प्रतिस्पर्धी उद्योग में 14वाँ ऑपरेटर था। उसने स्थापित तौर-तरीकों को चुनौती दी, लाखों लोगों के लिए मोबाइल डेटा किफायती बनाया और भारत में संवाद, शिक्षा, कामकाज तथा कारोबार करने के तरीके बदल दिए। आज जियो केवल एक दूरसंचार कंपनी नहीं, बल्कि भारत की जुड़ी हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था के केंद्र में मौजूद एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जियो ने ऐसा व्यापक पैमाना हासिल किया है, जिसकी बराबरी दुनिया की बहुत कम प्रौद्योगिकी कंपनियाँ कर सकती हैं। जून 2026 तक इसके 53.33 करोड़ ग्राहक थे, जिनमें 28.49 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता शामिल थे, और भारत के कुल डेटा ट्रैफिक में इसकी हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक थी। जून 2026 तक जियो ने 4जी, 5जी, 6जी और एआई-आधारित नेटवर्क ऑटोमेशन जैसी तकनीकों के लिए भारत और विदेशों में 7,220 पेटेंट आवेदन दाखिल किए थे। यह एक भारतीय कंपनी की महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इससे स्वदेशी तकनीक को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक ले जाने की संभावना बनती है। जियो निवेशकों को भारत में उभरते एआई अवसर में सीधे हिस्सेदारी देता है। इसकी मौजूदा 5जी क्षमताएँ भविष्य में 6जी के आगमन की तैयारी के लिए भी मजबूत आधार देती हैं। यह आईपीओ इसलिए भी असाधारण रूप से आकर्षक है क्योंकि इसके जरिए एक बड़े डिजिटल कारोबार को सार्वजनिक बाजार में लाया जा रहा है और प्राप्त धन कंपनी के कारोबार को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल होगा। जियो का यह इश्यू अधिकतम 27 करोड़ नए शेयरों का है।

निवेश के लिए आज से खुला, अंतिम तारीख 23 अक्टूबर

जियो के ब्रॉडबैंड में 2.86 करोड़ ग्राहक शामिल

फाइबर और वायरलेस सेवाओं सहित इसकी ब्रॉडबैंड मौजूदगी में 2.86 करोड़ जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर ग्राहक शामिल हैं। इतना बड़ा ग्राहक आधार जियो को एक मजबूत बढ़त देता है। वह नए ग्राहकों का आधार शून्य से बनाने के बजाय अपने स्थापित नेटवर्क के माध्यम से लाखों लोगों तक नई सेवाएँ पहुँचा सकता है।



जियो ने अपनी तकनीकी क्षमताएं विकसित की

निवेशकों के लिए इसका अर्थ है कि उन्हें केवल भारत की मौजूदा डिजिटल अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि उसके संभावित भविष्य के विकास में भी हिस्सेदारी मिलती है। जियो इसलिए अलग है क्योंकि उसने बाहरी विक्रेताओं पर निर्भर रहने के बजाय भारत में ही महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमताएँ विकसित की हैं। कंपनी ने देशभर में अपनी एंड-टू-एंड 5जी स्टैंडअलोन तकनीक विकसित कर लागू की है, जिससे वह ऐसी क्षमता रखने वाले दुनिया के चुनिंदा ऑपरेटरों में शामिल है।

खबर संक्षेप

दशहरा पर बंद रहा शेयर और सराफा बाजार

नई दिल्ली। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में कारोबार बंद रहा। वहीं सोने-चांदी के रेट भी जारी नहीं हुए। जबकि, शाम को एमसीएक्स में ट्रेडिंग हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 2026 के हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और करेंसी मार्केट में आज ट्रेडिंग नहीं होगी। सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट भी बंद रहा।

पंजाब एंड सिंध बैंक का लाभ 40 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 40 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने से बैंक का लाभ बढ़ा है। बैंक ने बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में उसने 295 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 3,747 करोड़ रुपये रही।

बाजार शोध कंपनी ओम्डिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री 26% घटकर दशक के निचले स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत में स्मार्टफोन की बिक्री वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई। बाजार शोध कंपनी ओम्डिया की जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री है।

- तीसरी तिमाही में सालान आधार पर घटकर 3 .58 करोड़ इकाई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी प्रमुख चीनी कंपनियों की बिक्री में गिरावट आई, जबकि सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गई। एप्पल भी सालाना आधार पर बिक्री में 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।



त्योहारों के दौरान भी बिक्री घटी

रिपोर्ट में कहा गया, 'त्योहारों के दौरान भी वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार की बिक्री सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 3.58 करोड़ इकाई रह गई है। यह 2016 के बाद से तीसरी तिमाही की सबसे कम बिक्री है।'

खास बातें

- यह 2016 के बाद किसी तीसरी तिमाही में सबसे कम बिक्री
- सैमसंग मामूली गिरावट के बावजूद फिर से शीर्ष स्थान पर

वीवो दूसरे स्थान पर रहा

रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने तीसरी तिमाही में 67 लाख स्मार्टफोन की बिक्री के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, लेकिन उसकी बाजार हिस्सेदारी 19 प्रतिशत रही। वीवो 64 लाख इकाई की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही।

ओपो के महंगे फोन्स की डिमांड

रिपोर्ट में ओपो तीसरे नंबर पर है, जिसने 49 लाख यूनिट्स की शिपिंग की। हालांकि उसकी गिरावट भी 24 प्रतिशत ईयर ऑन ईयर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ओपो की ए सीरीज की बिक्री पर असर पड़ा, लेकिन रेनो 16 सीरीज ने बेहतर प्रदर्शन किया जिससे महंगे फोन्स की डिमांड बनी रही। हालांकि इसमें ऑफर्स का भी रोल रहा।

शाओमी की बिक्री 28 फीसदी घटी

शाओमी की बिक्री 28 प्रतिशत घटकर 47 लाख इकाई और ओप्पो की बिक्री 24 प्रतिशत गिरकर 49 लाख इकाई रह गई। एप्पल 39 लाख इकाई की बिक्री के साथ शीर्ष पांच कंपनियों में शामिल रही।

तारीफ के काबिल एप्पल

रिपोर्ट की सबसे खास बात है एप्पल की ग्रोथ। प्रीमियम स्मार्टफोन बेचकर कंपनी 5वें नंबर है। उसने 39 लाख यूनिट्स की शिपमेंट की। कहा गया है कि एप्पल ने प्राइस बढ़ाने से पहले रिटेल स्टोर्स में स्टॉक जुटा लिया था। कंपनी ने आईफोन 18 लांच नहीं किया लेकिन आईफोन 17 और 16 की डिमांड लगातार बनी रही जिसका उसे फायदा हुआ। सितंबर में आईफोन 18 प्रो और प्रो मैक्स के आने से भी एप्पल को फायदा हुआ।

बिक्री की रफ्तार कमजोर रही

ओम्डिया के प्रमुख विश्लेषक संयम चौरसिया ने कहा कि सितंबर आमतौर पर ऑनलाइन बिक्री के बड़े आयोजन से पहले भंडार जुटाने के लिहाज से महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इस बार बिक्री की रफ्तार कमजोर रही।

प्रोवोक की सूची में रिलायंस और टीसीएस के कार्यकारी शामिल

Reliance Industries Limited

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रोवोक मीडिया की 2026 की 'प्रभावशाली व्यक्ति सूची 100' में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और जिंदल स्टील के संचार और विपणन अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह वैश्विक सूची प्रभावशाली कॉरपोरेट संचार, जन मामलों और विपणन नेताओं को मान्यता देती है। इस सप्ताह जारी की गई सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज के समूह संचार प्रमुख रोहित बंसल, टीसीएस के वैश्विक मुख्य विपणन एवं संचार अधिकारी अभिनव कुमार और जिंदल स्टील की कार्यकारी उपाध्यक्ष तथा कॉरपोरेट ब्रांड एवं संचार प्रमुख अर्पणा कुमार आहूजा शामिल हैं।

- प्रोवोक मीडिया ने प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची जारी की

कुमार दो दशकों से टीसीएस में

टीसीएस में दो दशकों से अधिक समय बिताने वाले कुमार ब्रांड रणनीति, मीडिया संबंधों, प्रायोजन, कार्यकारी संचार, सामग्री, जन मामलों और हितधारक जुड़ाव से जुड़े वैश्विक विपणन और संचार की देखरेख करते हैं।

प्रोवोक मीडिया द्वारा तैयार और एफजीएस ग्लोबल द्वारा प्रायोजित यह वार्षिक सूची प्रमुख वैश्विक व्यवसायों और संस्थानों में कॉरपोरेट प्रतिष्ठा, हितधारक जुड़ाव, विपणन रणनीति और संचार को आकार देने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित करती है। प्रकाशक ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि चयन प्रोवोक मीडिया के वरिष्ठ संपादकों द्वारा किया जाता है और यह सार्वजनिक मतदान या बजट के आकार पर आधारित नहीं है। बंसल ने रिलायंस इंडस्ट्रीज में 12 से अधिक वर्षों तक संचार का नेतृत्व किया है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

वृष मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

सिंह आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

कन्या किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

वृश्चिक किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

मकर संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

मीन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

पेज एक का शेष

रिजीम चेंज से...

विचलित हों ऐसा वातावरण है अथवा खड़ा किया जा रहा है। भारत सहित सारे विश्व में जो जो भद्रता, मांगल्य, सांस्कृतिक व मानवीय संस्कार है, वह सारा नष्ट-भ्रष्ट, उद्ध्वस्त करने की आसुरी प्रतिज्ञा लेकर पश्चिम से एक आंधी चली है। विश्व भर के तथाकथित प्रगत देश भी उससे त्रस्त, असहाय हैं। परंतु पिछले दशकों में भारत ने स्वयं की शक्ति तथा सुनीति के कारण विश्व में धीरे धीरे अपना स्थान बनाया है। भारत के समाज का पुरुषार्थ सुदृढ़ नीतियां, नेतृत्व, देशाभिमान तथा विश्व के प्रति अपने दायित्व के बोध की जागृति के कारण सभी क्षेत्रों में यशस्वी हो रहा है। गौर हो कि विजयदशमी के दिन 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रखी गई थी। संघ अपने जीवनकाल के 101वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

आंदोलन दूसरे लक्ष्य ...

में हमारी कृतियों हों। संघ प्रमुख ने कहा कि वोट, सस्ती लोकप्रियता अथवा राजनीतिक लाभ का लोभ हमारे विवेक व सद्भावना पर हावी न हो यह चिंता करनी ही पड़ेगी। डॉ. भागवत ने कहा कि समाज की सब समस्याएं शासन ही सुलझा सकता है अथवा आंदालनों से ही समस्याएं सुलझती है ऐसा भी अनुभव नहीं है। समाज की सक्रियता व आपसी संवाद के आधार पर भी समस्याओं का समाधान निकल सकता है। आंदोलन दूसरे लक्ष्य से चले तो राजनीति का साधन बन जाता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ...

समर्पण की यह परंपरा आगे भी राष्ट्रीय विकास को गति देती रहेगी। उनके संदेश में संघ के स्वयंसेवकों की सेवा भावना और सामाजिक योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

सेवा, सामाजिक समरसता...

विषयों पर जनजागरण जैसी गतिविधियां शामिल रही हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के संदेशों में भी सेवा, कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना प्रमुखता से सामने आई। दोनों वरिष्ठ नेताओं ने अपने संदेशों के माध्यम से संघ के स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

अमित शाह ने ...

प्रतिबद्धता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों की राष्ट्र के प्रति निष्ठा को भारत के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण से जुड़ा बताया।

एशियन पैरा गेम्स...

और पैरा शूटिंग सहित विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं के साथ कांस्य पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीप्ति जीवांजी ने स्वर्ण जीतकर बढ़ाया देश का मानः प्रधानमंत्री मोदी ने महिला 400 मीटर टी-20 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली दीप्ति जीवांजी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए खिताब बरकरार रखना असाधारण उपलब्धि है। दीप्ति ने एक सच्चे चैंपियन की भावना का परिचय दिया है और उनकी सफलता अनगिनत युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।

भाला फेंक में प्रदीप कुमार और आयुष वर्मा का शानदार प्रदर्शनः पुरुष भाला फेंक एफ-53/54 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले प्रदीप कुमार की उपलब्धि को प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से सराहा। उन्होंने कहा कि इस स्पर्धा में लगातार दूसरी बार रजत पदक जीतना उनकी निरंतर मेहनत, प्रतिबद्धता और अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के संकल्प को दर्शाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने भी प्रदीप कुमार को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वह आगामी प्रतियोगिताओं में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले आयुष वर्मा को भी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि यह उपलब्धि उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और पदक मंच तक पहुंचने के संकल्प का परिणाम है।

भाविना पटेल और सोनलबेन पटेल ने भी जीते पदकः प्रधानमंत्री मोदी ने महिला एकल क्लास-4/5 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली भाविना पटेल की निरंतरता और खेल के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्षों से खेल में उत्कृष्टता के प्रति उनका समर्पण प्रशंसनीय है। महिला एकल क्लास-3 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली सोनलबेन पटेल को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उनके एशियन पैरा गेम्स के सफर में व्यक्तिगत स्पर्धा का पहला पदक है। उन्होंने इसे सोनलबेन के लिए विशेष उपलब्धि बताते हुए कहा कि इसके पीछे वर्षों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण है। पैरा शूटिंग में सृष्टि अरोड़ा को कांस्यः महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली सृष्टि अरोड़ा की उपलब्धि पर राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने प्रसन्नता जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि हर निशाने में सटीकता की मांग करने वाले इस खेल में पदक जीतना सराहनीय उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने भी सृष्टि को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

अन्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों को भी सराहाः प्रधानमंत्री मोदी ने महिला 1500 मीटर टी-11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली रवन्नी वलासनैनी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनका प्रदर्शन भारतीय पैरा खिलाड़ियों की पहचान बन चुकी दृढ़ता और धैर्य को दर्शाता है। पुरुष शॉट पुट एफ-11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले प्रदीप कुमार को भी प्रधानमंत्री ने बधाई दी।

खिलाड़ियों का प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोतः राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने सभी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की। नेताओं के संदेशों में इस बात पर जोर रहा कि पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियां केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे दृढ़ इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास की ताकत को भी प्रदर्शित करती हैं। इन खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से भारतीय खेलों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। उनकी सफलता देश के युवाओं को चुनौतियों का सामना करने, अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने और खेल के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

प्राची पांडे और ....

कहा कि टेबल टेनिस में हर अंक अपने कौशल को सफलता में बदलने का अवसर होता है। उन्होंने प्राची को अपने खेल को लगातार बेहतर बनाने और भविष्य में भी सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। पुरुष एकल क्लास-1 पैरा टेबल टेनिस स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले जेहान डोराब मदन की भी दोनों नेताओं ने सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि इस खेल में प्रत्येक रैली कौशल और संकल्प की परीक्षा होती है, जबकि प्रधानमंत्री ने उनकी सफलता को खेल के प्रति जुनून और प्रतिभा का परिणाम बताया।

मनीष नरवाल और ...

जीतने वाले अशोक को भी दोनों नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रदर्शन दिखाता है कि हर प्रतियोगिता अपनी क्षमता को और ऊंचाई तक ले जाने का अवसर देती है।

पाकिस्तान ने आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाया

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को मामूली घटाकर 3.65 प्रतिशत कर दिया है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों की वृद्धि में हल्की सुस्ती को इसका प्रमुख कारण बताया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले मई, 2026 में सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 3.70 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जिसे पहले के चार प्रतिशत के अनुमान से घटाया गया था। 'डॉन' की खबर के अनुसार, ताजा संशोधन से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान अपने आर्थिक वृद्धि दर के लक्ष्य से पीछे रहेगा। पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो में सोमवार को हुई राष्ट्रीय लेखा समिति (एनएसी) की 118वीं बैठक में इस संशोधन को मंजूरी दी। समिति के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.50 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र की 3.34 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की 3.81 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा


धारा **82 Cr. P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **पप्पू पुत्रः** मिट्ठूलाल, **पताः** सी–2/14, कबीर नगर, गली नंबर 2, वेलकम, दिल्ली **FIR No. 98/2022, U/S: 12/9/55 G Act,** पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू, FIR No. 98/2022, U/S: 12/9/55 G Act,** पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रंगत घेरा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नंबर 19, प्रथम तल शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14121/NE/2026
(Court Matter)

शब्द पहेली - 6384



बाएँ से दाए-


1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

ऊपर से नीचे

1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

शब्द पहेली -6383 का हल

■	अ	नु	भ	व	■	शा	का	हा	र	■
अ	■	क्का	■	ल	■	मि	■	नि	■	अ
ह	म	■	का	या	प	ल	ट	■	का	का
म	■	रा	■	का	■	हो	■	श	■	र
क	हा	नी	का	र	■	ना	म	क	र	ण
■	द	■	■	■	■	■	■	■	सो	■
अ	सा	म	थि	क	■	आ	ज	मा	ई	श
चा	■	स्त	■	म	■	रा	■	न	■	रा
न	ल	■	नी	ल	क	म	ल	■	खों	फ
क	■	भ	■	ना	■	दे	■	क	■	त
■	को	ला	ह	ल	■	ह	र	जा	ई	■



देशभर में रही दशहरा की धूम, देश उत्साह में डूबा, बोले पीएम मोदी

आज भारत का कोना-कोना राममय, आखिरकार असत्य पर सत्य की जीत होती है, लोगों को अपने कर्तव्यों और सिद्धांतों से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए

विजयादशमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन में दशहरा समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और बजरंगबली के चरणों में नमन करते हुए देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज भारत के हर कोने, गांव और शहर में भगवान श्रीराम की भक्ति और उनके आदर्शों की गूंज सुनाई दे रही है



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विजयादशमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन में दशहरा समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम, माता जानकी और बजरंगबली के चरणों में नमन करते हुए देशवासियों को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि आज भारत के हर कोने, गांव और शहर में भगवान श्रीराम की भक्ति और उनके आदर्शों की गूंज सुनाई दे रही है तथा पूरा देश रामलीला के उत्साह में डूबा हुआ है। देशभर में आयोजित रामलीलाएं भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं को जीवंत बनाए रखने की परंपरा का प्रतीक हैं। विजयादशमी का पर्व अत्याचार और आतंक के अंत की उद्घोषणा करता है तथा यह इस शाश्वत विश्वास को दर्शाता है कि अंततः सत्य की असत्य पर विजय होती है।



रामलीला मैदान में कलाकारों की आरती करते प्रधानमंत्री

संकट में अपनी शक्ति और संसाधनों पर करें भरोसा

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बड़ी सीख मिलती है कि संकट कितना भी बड़ा हो और चुनौती कितनी भी कठिन, हमें दूसरों के भरोसे बैठकर इंतजार नहीं करना चाहिए। हमें अपनी शक्ति, संसाधनों पर विश्वास करना चाहिए, संकल्प को ताकत में बदलना चाहिए और कड़ी मेहनत के माध्यम से समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए।

संकल्प को पूरा करें

विकसित भारत और आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ बढ़ें आगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने सिखाया कि रास्ते की कठिनाइयां हमारी यात्रा को रोक नहीं सकतीं। आज भारत को भी इसी मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने जोर दिया कि देश के सामने विकसित भारत के निर्माण और आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है।

श्रीराम ने हर परिस्थिति में धर्म- सत्य का पालन किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने तमाम कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद उन्होंने धर्म का पालन किया और सत्य की स्थापना की। उनका जीवन सिखाता है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और सिद्धांतों से पीछे नहीं हटना चाहिए।

इसे भारत की प्राण ऊर्जा बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशभर में रामलीलाओं का मंचन, प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवंत रखने की परंपरा, अत्याचार और आतंक के अंत का उद्घोष और असत्य पर सत्य सनातन की विजय का विश्वास... हमारे लिए ये केवल त्योहार नहीं है, ये भारत की प्राण ऊर्जा है। इस देश ने, इसकी संस्कृति ने और इसके पूर्वजों ने हजारों वर्षों से प्रभु श्रीराम की उपासना की है। प्रभु राम ने हमें ऐसे आदर्श दिए जो मानवता के इतिहास में अतुलनीय है।

विजयादशमी पर राम जन्मभूमि का जिक्र



सीएम योगी बोले- 500 साल पहले हुआ था अन्याय

विजयादशमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का राजतिलक करने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए विजयादशमी की बधाई दी। योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के बाद विजयादशमी सनातन धर्म का महापर्व है। उन्होंने कहा कि दुनिया में आक्रमणकारियों ने कई देशों की संस्कृतियों को नष्ट कर दिया, जो धीरे-धीरे लुप्त हो गईं। करीब 500 वर्ष पहले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि भी अन्याय का शिकार बनी थी।

जोधपुर में भी जली 'बुराई'

जोधपुर। मंगलवार को राजस्थान के जोधपुर में 'रावण का चबूतरा मैदान' पर 'दशहरा' पर्व के दौरान 'रावण' का पुतला जलाया गया। इसी तरह देश के अन्य राज्यों में भी रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान लोगों की काफी भीड़ रही। सभी ने बुराई पर इसे अच्छाई की जीत बताया और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प भी लिया।



कुल्लू में सैकड़ों देवलुओं संग निकली माता हिडिंबा की भव्य शोभायात्रा



मनाली। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू घाटी की अधिष्ठात्री मां देवी हिडिंबा मंगलवार को सैकड़ों कारकूनों व देवलुओं के साथ दशहरे की शोभा बढ़ाने कुल्लू रवाना हुईं। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की प्राचीन देव परंपरा निभाने के लिए अधिष्ठात्री माता हिडिंबा रवाना हो गईं। इसके हले मनाली स्थित मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान दर्शन करने के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

कॉकरोच का पुतला

दीपके ने आयोजकों को 'मुफ्त प्रचार' के लिए धन्यवाद दिया

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दिल्ली में एक रामलीला के आयोजकों को 'मुफ्त प्रचार' के लिए धन्यवाद दिया जिन्होंने रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों के साथ 30 फुट ऊंचा कॉकरोच का पुतला जलाने की घोषणा की है। दीपके ने कहा कि मुफ्त प्रचार के लिए धन्यवाद।



बच्चों ने धान पर उकेरे अक्षर, 'विद्यारंभम' की रस्म निभाई

चेन्नई। तमिलनाडु में विजयादशमी का पर्व धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया और इस अवसर पर हजारों परिवार अपने बच्चों के साथ मंदिरों और स्कूलों में जुटे, जहां नन्हे बच्चों ने पहली बार धान पर अक्षरों को उकेरा।

खबर संक्षेप


कुर्ला में बिजली के डक्ट में आग, 9 घायल

कुर्ला। मुंबई के कुर्ला इलाके में मंगलवार सुबह 13 मंजिला आवासीय इमारत के बिजली के डक्ट में आग लग गई। इसमें 3 बच्चों समेत 9 लोग घायल हो गए। आग सुबह करीब 6:53 बजे कोहिनूर एचडीआईएल बिल्डिंग नंबर 5 में लगी। आग बिजली के तारों और डक्ट में फैल गई। दमकल ने काबू किया।



तमिल अभिनेता का 37 की उम्र में निधन

चेन्नई। तमिल अभिनेता कार्तिक सबेश का सोमवार को निधन हो गया। वे 37 वर्ष के थे। वे संगीत निर्देशक सबेश के बेटे और दिवंगत संगीतकार देवा के भतीजे थे। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। हाल ही में उन्हें इलाज के लिए चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



केरल सराकरा ने बढ़ाया 2 फीसदी महंगाई भत्ता

तिरुवनंतपुरम। फेस्टिव सीजन के बीच महंगाई भत्ते को लेकर बड़ी खुशखबरी है। केरल सरकार ने महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 2% की बढ़ोतरी करने का आधिकारिक ऐलान किया है। कर्मचारियों का डीए 35 से बढ़कर अब सीधे 37% पर पहुंच गया है।

विजयादशमी पर शाह पहुंचे लुधियाना, मान सरकार को सुनाई खरी-खरी


हमने पकड़ी 20 हजार करोड़ की ड्रग,हम माफिया को पाताल से ढूंढकर निकालेंगे

मान से सवाल-पंजाब में ड्रग पुड़िया बनकर कैसे आई

पंजाब की स्थिति अत्यंत खराब, आप सरकार ने नशे को दिया बढ़ावा

एजेंसी ⏭ लुधियाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार को लुधियाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) की भगवंत मान सरकार पर तीखा हमला बोला। शाह ने कहा कि हमने बंदरगाहों में बीस हजार करोड़ की ड्रग पकड़ी। क्या आप चाहते हैं कि हम ये न पकड़ें। अब मान बताएं कि पंजाब में ड्रग पुड़िया बनकर कैसे आ जाती है? आज हीमान जब बर्थडे मनाकर आए, तब एक इन्क्वायरी सीबाआई को दे दी।



मैं पंजाब की जनता से वादा करना चाहता हूं कि हमें जो केस उन्होंने सौंपा है, उसमें जो भी आरोपी होगा, कितना भी बड़ा होगा, उसे पाताल से भी ढूंढकर कानून के हवाले पहुंचाएंगे। शाह ने कहा कि आज की विजयादशमी मैं अपने जीवन में कभी भुला नहीं पाऊंगा।

आज मैं गुरदासपुर, संगरूर और मानसा... पंजाब के इन तीन स्थानों पर जाकर आया हूं। गुरदासपुर में विक्रमजीत सिंह, संगरूर में गुलजार सिंह और मानसा में परविंदर सिंह झोटा... इन तीनों को नशे के खिलाफ लड़ाई के कारण या तो अपनी जान गंवानी पड़ी है या आत्महत्या करनी पड़ी है।



पंजाब में नशे की समस्या के खिलाफ आवाज उठाने वाले ही सुरक्षित नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पंजाब में मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या को लेकर 'आप' सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नशा तस्करों के बढ़ते दुस्साहस ने भगवंत मान सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आगे दावा किया कि 'आपदा' सरकार के दौर में युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जो लोग इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं, वे सुरक्षित नहीं हैं।

ड्रग्स के खिलाफ लड़ने वाले विक्रमजीत के परिवार से मिले,15 मिनट तक की बात

शाह ने पंजाब के पाकिस्तान सीमा से सटे गुरदासपुर जिले का दौरा किया और ड्रग तस्करी का विरोध करने पर मारे गए विक्रमजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। शाह ने परिवार के साथ करीब 15 मिनट बिताए। बताया जा रहा है कि परिवार ने उन्हें मांगों की एक लिस्ट सौंपी, जिसमें निष्पक्ष जांच, सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद शामिल है।यह दौरा गृह मंत्री शाह के पंजाब दौरे का हिस्सा है, जिसके तहत वह तीन ऐसे लोगों के परिवारों से मिल रहे हैं, जिनकी मौतों ने राज्य में नशे के खतरे की ओर सबका ध्यान खींचा है।

2029 तक पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे

पंजाब ड्रग्स मुद्दे पर शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पंजाब की स्थिति बहुत ही खराब है। पंजाब कीआप सरकार को शर्म आनी चाहिए। मैं चिट्टा (ड्रग्स) से परेशान लोगों से मिला। पंजाब की स्थिति जानकर दुख हुआ। शाह ने साफ कहा कि 2029 तक पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। पंजाब के हर जिले में नशा माफिया है। ड्रग्स माफिया को पाताल से ढूंढकर निकालेंगे। आज मैं गुरुदासपुर, संगरूर और मानसा, पंजाब के 3 स्थानों पर जाकर आया हूं। गुरुदासपुर में विक्रमजीत सिंह, संगरूर में गुलजार सिंह और मानसा में परविंदर सिंह झोटा, इन तीनों की नशे के खिलाफ लड़ाई के कारण या तो हत्या हुई है या उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी है।

गुलजार के परिवार से की बातें

3 महीने के अंदर मिलेगा इंसाफ..

संगरूर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार दोपहर को दिड़बा के नजदीकी गांव तूरबंजारा में मृतक गुलजार सिंह के घर पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। शाह ने परिवार को भरोसा दिलाया कि अगले दो-तीन महीने में उन्हें इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इंसाफ दिलाने के बाद वह सिंह की आत्मिक शांति के लिए रखे जाने वाले भोग में भी शामिल होने आएंगे।

मैंने अपने आप को कभी इतना दुखी नहीं पाया

शाह ने कहा कि मैं 30 सालों से विधानसभा और लोकसभा में चुनकर आता हूं। कई जगहों पर कई हादसों में मैंने परिवारजनों से मिलने का काम किया और उन्हें सांत्वना दी लेकिन आज मैं देश और पंजाब की जनता को बताना चाहता हूं कि मैंने अपने आप को कभी इतना दुखी नहीं पाया है।

जांच सीबीआई को दी

मानसा। पंजाब के मानसा जिले में पिछले सप्ताह हुई एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में परिवार की ओर से सीबीआई जांच की मांग लगातार की जा रही थी, जिसे पंजाब सरकार ने स्वीकार कर लिया है। मंगलवार को राज्य के सीएम भगवंत मान ने यह ऐलान किया।



नशे रूपी रावण को खत्म करेगी भाजपा सरकार : सीएम सैनी

लाडवा में महाराजा शूरसैनी की प्रतिमा का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशे रूपी रावण को खत्म करने का काम भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने के वादे किए, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित काम नहीं किया। मुख्यमंत्री विजयादशमी के अवसर पर कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने महाराजा शूरसैनी की प्रतिमा का लोकार्पण किया और जय भारत कला मंच की ओर से आयोजित शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रावण दहन के साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन में भी सत्य, सेवा, सदाचार और राष्ट्रभक्ति की ज्योति जलाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। समाज में शक्ति के साथ करुणा, समृद्धि के साथ संवेदना और अधिकारों के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की भावना भी होनी चाहिए।

सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को मजबूत कर रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। विजयादशमी केवल त्योहार मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का दिन भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को मजबूती मिली है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण, केदारनाथ का जीर्णोद्धार और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का विकास

युवाओं को सही दिशा देना जरूरी : नायब

मुख्यमंत्री ने पंजाब में नशे की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने युवाओं को नशे से बचाने और नशे की समस्या खत्म करने के वादे किए थे, लेकिन उनके अनुसार स्थिति में सुधार करने के बजाय समस्या और बढ़ी है। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों पर नशे के मुद्दे पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं को जागरूक करना और उन्हें सही दिशा देना जरूरी है।

सौरभ-आशुतोष ने रिहाई के लिए चला अब नया दांव

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का मामला

हाईकोर्ट में दी मामले को चुनौती तत्काल सुनवाई की मांग भी की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरभ दास और आशुतोष रांका ने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) कोर्ट के उस आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसके तहत उनकी न्यायिक हिरासत 21 अक्टूबर तक बढ़ाई गई थी। अधिवक्ता अभिक चिमनी और पुष्प शर्मा ने दोनों नेताओं की रिहाई की मांग की। बचाव पक्ष ने दलील दी कि वे अब दोबारा ऐसा कोई कथित अपराध नहीं दोहराएंगे

हम नफरत नहीं करते, आप घर जाएं: दीपके



दीपके अपने सहयोगी दास और रांका के जेल में होने पर भावुक हो गए। दीपके ने सीजेआई के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन पर फिलहाल ब्रेक लगा दिया है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से घर जाने की अपील भी की है। वीडियो में दीपके ने कहा कि हम नफरत के खिलाफ लड़ रहे हैं। नफरत हमारे अंदर न आए।

सीजेपी के समर्थन में उतरे अन्नामलाई

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और 'वी द लीडर्स' आंदोलन के संस्थापक के. अन्नामलाई ने दिल्ली में चुनाव आयोग और एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन कर रही सीजेपी के नेताओं की गिरफ्तारी पर पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। भले ही वे विरोध प्रदर्शन के तरीकों से पूरी तरह सहमत नहीं हैं, लेकिन मुद्दों और सवालों का पूरी तरह समर्थन करते हैं।


'टाइगर' पर गोलीबारी के बाद जलोटा ने दी सलमान को सलाह

बिश्नोई समाज से माफी मांग लो, घटनाओं को रोकें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भजन गायक अनूप जलोटा ने टाइगर श्रॉफ से जुड़ी गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चल रही दुश्मनी को खत्म करने के लिए सलमान खान को बिश्नोई समाज से माफी मांग लेनी चाहिए। जलोटा ने कहा कि 1998 के काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार मामले को लेकर समाज में जो नाराजगी है, उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उनका मानना है कि सलमान के माफी मांगने से आगे होने वाली ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

मैं इससे बहुत दुखी हूं, इस सबको रोकने का बस एक ही तरीका





सलमान को उठाना चाहिए ठोस कदम

गायक ने सलमान से यह भी आग्रह किया कि वे इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि तो फिर, इस सब को खत्म करने के लिए बिश्नोई समाज से माफी मांगने का पक्का फैसला क्यों नहीं ले लेते? मैं बस यही चाहता हूं।

बिश्नोई समाज को ठेस पहुंची होगी

जलोटा ने कहा कि मैं इससे बहुत दुखी हूं। इस सबको रोकने का बस एक ही तरीका है। सलमान खान को बिश्नोई समाज से माफी मांग लेनी चाहिए। मैंने पहले भी यह बात कही है। यह बहुत जरूरी है कि बिश्नोई समाज से माफी मांगी जाए। क्योंकि उन्हें ठेस पहुंची है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो उन्हें दुख पहुंचता रहेगा। जो लोग सलमान खान के साथ काम करते हैं, उन्हें भी तकलीफ होगी और उनके परिवारों को भी दुख पहुंचेगा।

श्रॉफ पर फायरिंग मामला

डंकी रूट' से अमेरिका पहुंचा था अनिल पंडित



कथित तौर पर हमले की जिम्मेदारी लेने वाला गैंगस्टर अनिल पंडित अवैध 'डंकी रूट' के जरिए ही अमेरिका के कैलिफोर्निया पहुंचा था। मुंबई के जुहू में अभिनेता टाइगर पर हुए हमले के बाद यह मामला सुर्खियों में आया है। पंडित (32 वर्ष) मूल रूप से हरियाणा के पानीपत (रायरकलां गांव) का रहने वाला है। वह 2022 में रोजगार की तलाश में दुबई गया था। इसके बाद साल 2023-2024 में उसने 'डंकी रूट' (अवैध और खतरनाक रास्तों से सीमा पार करना) अपनाया और अमेरिका पहुंच गया।

चिंतन

ऊर्जा कूटनीति में बढ़ता भारत का कद



मुद्दा
प्रो.(डॉ.) मनोज दयाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने वाले कानून को फिलहाल रोकने के फैसले से भारतीय निर्यातकों को राहत मिली है, लेकिन इसे स्थायी समाधान मानना भूल होगी। यह घटनाक्रम बताता है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में कूटनीति, आर्थिक हित और चुनावी राजनीति किस तरह एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। भारत के लिए यह राहत अपनी ऊर्जा नीति की कमजोरियों को दूर करने का अवसर है। रूसी तेल पर बढ़ती निर्भरता, घटते मूल्य लाभ और अमेरिकी प्रतिबंधों का जोखिम दीर्घकालिक रणनीति पर पुनर्विचार की मांग करते हैं। तेल आयात के स्रोतों में विविधता, रणनीतिक भंडार का विस्तार और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ही भारत ऐसी नीति बना सकता है, जो बाहरी दबावों से मुक्त होकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे।

वैश्विक राजनीति में किसी देश की ताकत केवल उसकी सैन्य क्षमता, आर्थिक आकार या तकनीकी प्रगति से नहीं आंकी जाती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह दुनिया की जरूरतों को पूरा करने में कितनी निर्णायक भूमिका निभा सकता है। ऊर्जा क्षेत्र में भारत तेजी से इसी मुकाम की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का भारत को 'रिफाइनिंग महाशक्ति' कहना इसी बदलती वैश्विक हकीकत का संकेत है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब युद्ध, प्रतिबंधों और आपूर्ति में अनिश्चितता के बीच ऊर्जा सुरक्षा दुनिया की बड़ी आर्थिक और कूटनीतिक चुनौती बनी हुई है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता अब घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में उसकी बढ़ती ताकत का आधार है। भारत की विशेषता विभिन्न देशों से कच्चा तेल खरीदकर उसका प्रसंस्करण करने और पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करने की क्षमता है। भारतीय रिफाइनरियां अलग-अलग गुणवत्ता वाले कच्चे तेल के प्रसंस्करण में सक्षम हैं। यही कारण है कि वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के उत्पादन और विपणन में भारत की भूमिका की संभावनाएं अमेरिका को आकर्षित कर रही हैं। रूबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ वेनेजुएला में तेल उत्पादन को लेकर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की प्रस्तावित चर्चा का उल्लेख किया है। यह भारत की औद्योगिक क्षमता और ऊर्जा क्षेत्र में उसकी उपयोगिता की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता का प्रमाण है। भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से भी यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है। व्यापार, तकनीक और रक्षा के साथ ऊर्जा दोनों देशों के सहयोग का अहम स्तंभ है। वेनेजुएला में संभावित साझेदारी से निवेश, उत्पादन और आपूर्ति के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि, वहां लागू प्रतिबंधों और संबंधित नियमों की बाधाओं को दूर करना आसान नहीं होगा। इसलिए किसी भी समझौते को राजनीतिक सद्भाव के बजाय व्यावसायिक व्यवहार्यता और भारत के दीर्घकालिक हितों की कसौटी पर परखना जरूरी है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता सर्वोपरि हैं। देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव, समुद्री मार्गों पर संकट और प्रतिबंध भारतीय अर्थव्यवस्था, महंगाई तथा आम उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। रूस से तेल खरीद को लेकर पश्चिमी देशों के दबाव के बीच आपूर्तिकर्ता देशों में विविधता लाना समझदारी है। वेनेजुएला सहित विभिन्न स्रोतों से तेल हासिल करने के विकल्प भारत की सौदेबाजी की क्षमता बढ़ा सकते हैं। लेकिन एक देश पर निर्भरता घटाकर दूसरे पर निर्भर हो जाना समाधान नहीं है। कीमत, गुणवत्ता, परिवहन लागत और भू-राजनीतिक जोखिम का संतुलित आकलन जरूरी है। भारत की रिफाइनिंग क्षमता उसकी ताकत है, लेकिन इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता समाप्त नहीं होती। वास्तविक ऊर्जा सुरक्षा के लिए घरेलू उत्पादन, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन और विद्युत परिवहन को बढ़ावा देना होगा। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का विस्तार और आपूर्ति के वैकल्पिक मार्गों की तैयारी भी जरूरी है। अब चुनौती इस क्षमता को निवेश, सुरक्षित आपूर्ति और आर्थिक लाभ में बदलने की है। भारत को केवल तेल का बड़ा खरीदार नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता और सहयोग का भरोसेमंद भागीदार बनना चाहिए। यही ऊर्जा कूटनीति में उसके बढ़ते कद का वास्तविक अर्थ है।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े भारत

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक हस्ताक्षर ने भारतीय निर्यातकों को फिलहाल राहत की सांस दी है। रूस से तेल खरीदने पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाला कानून लिंडसे ओ ग्राहम सेक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट-2026 लागू होने से ठीक 24 घंटे पहले रोक दिया गया। यह महज एक कानूनी छूट नहीं है। यह तो कूटनीति, तेल की राजनीति और अमेरिकी घरेलू चुनाव का मिला-जुला परिणाम है। सवाल अब यह नहीं है कि खतरा टला कैसे। सवाल यह है कि इस अस्थायी राहत को भारत स्थायी अवसर में कैसे बदले? क्योंकि यह खतरा टला है। मिटा नहीं है। 18 अक्टूबर 2026 वह तारीख थी।जब इस कानून के तहत भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान जैसे रूस के 5 सबसे बड़े तेल ग्राहकों के उत्पादों पर अमेरिका में 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगना था। रूस पर यह शुल्क 500 प्रतिशत तक था, लेकिन 16 अक्टूबर को व्हाइट हाउस ने आदेश जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय हित में इस कानून को छूट देने का निर्णय लिया है। यह आदेश उसी हफ्ते आया जब ट्रम्प ने दावा किया कि पुतिन ने अमेरिका और वैश्विक बाजार के लिए 3 लाख टन डीजल तुरंत, नवंबर में 5 लाख टन और उसके बाद 10 लाख टन अतिरिक्त डीजल देने पर सहमति दी है। इसके बाद 30 लाख टन डीजल और रिलीज किया जाएगा।

पहला सुझाव यहीं से निकलता है। भारत को समझना होगा कि अमेरिका का ऊर्जा निर्णय नैतिकता नहीं, आवश्यकता से चलता है। जब अमेरिका में कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, तो ट्रम्प ने रूस से ही डीजल मांग लिया। यानी प्रतिबंध का सिद्धांत बाजार के दबाव में झुक जाता है। भारत को भी अपनी नीति को नैतिक दबाव में नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक तर्क पर रखना चाहिए और दुनिया को यह तर्क आक्रामक तरीके से समझाना चाहिए। इस यू-टर्न के पीछे दूसरा बड़ा कारण अमेरिका के मध्यावधि चुनाव हैं, जो एक महीने से भी कम समय में होने वाले हैं। अमेरिकी मीडिया ने स्पष्ट लिखा कि तेल के दाम बढ़ने से मतदाता नाराज होता है।अगर भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगता, तो वैश्विक सप्लाई चेन टूटती, शिपिंग लागत बढ़ती और अमेरिकी पंप पर पेट्रोल महंगा हो जाता। ट्रम्प यह जोखिम नहीं ले सकते थे।

दूसरा सुझाव है कि चुनावी राजनीति को कूटनीतिक हथियार बनाइए। अमेरिका पर दबाव बनाने का सबसे अच्छा समय वही है।जब वहां महंगाई चुनावी मुद्दा हो। भारत को अमेरिका के साथ ट्रेड डील की बातचीत में इस बात को लिंक करना चाहिए कि भारत सस्ता रूसी तेल खरीदकर दरअसल वैश्विक तेल कीमतों को स्थिर रख रहा है। अगर भारत बाजार से निकल गया, तो कीमतें 120-130 डॉलर तक जा सकती हैं, जिसका सीधा नुकसान अमेरिकी उपभोक्ता को होगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के कुल कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम थी, कुछ अनुमानों में तो 0.2 प्रतिशत ही थी। आज वही रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। इस वर्ष भारत औसतन 18.2 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल खरीद रहा है। जून 2026 में यह आंकड़ा 26 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया था, जुलाई में 25.7 लाख बैरल और अगस्त में घटकर 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। अगस्त में भी रूस का



हिस्सा भारत के कुल आयात का 45 प्रतिशत था। उक्त आंकड़ों से तीसरा सुझाव निकलता है।

तीसरा सुझाव है कि हमें घटते डिस्काउंट का गणित अवश्य ही समझना होगा। 2023 में रूसी तेल पर 40 डॉलर तक का डिस्काउंट मिल रहा था, जो जुलाई 2026 में घटकर 1-2 डॉलर ही रह गया था। सितंबर में फिर यह 23 डॉलर हुआ। यानी सस्ते तेल का युग अब वैसा नहीं रहा। भारत को केवल डिस्काउंट के पीछे नहीं भागना चाहिए। भारत ने 2022 से 2025 के बीच रूसी तेल से करीब 12 बिलियन डॉलर बचाए, लेकिन अब लागत में शिपिंग, इंश्योरेंस और अमेरिकी दबाव का जोखिम भी जोड़ना होगा। रिफाइनरियों को एक फॉर्मूला बनाना चाहिए - यदि ट्रंप टैरिफ वापस आता है तो 5 बिलियन डॉलर के अतिरिक्त खर्च को झेलने के लिए कम से कम 13.7 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट चाहिए।

चौथा सुझाव है कि हमें आयात टोकरी में विविधता लानी होगी। 45 प्रतिशत निर्भरता खतरनाक है। चाहे वह मध्य पूर्व पर हो या रूस पर। भारत को अपनी टोकरी फिर से संतुलित करनी होगी। वेनेजुएला, ब्राजील, गुयाना और अफ्रीका से दीर्घकालिक अनुबंध करने का यह सही समय है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने भी कहा है कि यह छूट अस्थायी है, स्थायी समाधान नहीं।

पांचवां सुझाव है कि हमें रणनीतिक भंडार बनानी होगी। जब जून में 26 लाख बैरल रोज खरीद रहे थे, तब भंडार भरने का सुनहरा मौका था। भारत का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व अभी केवल 9-10 दिन का है। इसे बढ़ाकर 90 दिन करने का लक्ष्य रखना चाहिए, जैसा अमेरिका और जापान के पास है। जब डिस्काउंट ज्यादा हो, तो भंडार भरिए, जब कम हो तो उसका उपयोग कीजिए। यह राहत 100 प्रतिशत टैरिफ से मिली है। पर याद रखिए। भारत पर पहले से ही अमेरिका का 18 % पटैरिफ लगा हुआ है, जो अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। इसलिए भारत सरकार और उद्योग के लिए 4 और व्यावहारिक सुझाव है।

छठा सुझाव है दस्तावेजीकरण और पारदर्शिता लाएं। अमेरिका का आरोप है कि भारत रूसी तेल को रिफाइन कर यूरोप को बेच रहा है। भारत को अपने रिफाइनरी डेटा को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए और यह साबित करना चाहिए कि आयात घरेलू खपत के लिए है।

सातवां, हम रुपया-रूबल तंत्र को मजबूत करें। डॉलर में भुगतान करने पर अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा रहता है। रुपया-रूबल में व्यापार को संस्थागत बनाइए ताकि अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से टकराव कम हो।

आठवां, हम ट्रेड डील को गति दें। यह सबसे अच्छा मौका है। अमेरिका ने खुद कानून रोका है, इसका मतलब वह बातचीत चाहता है। भारत को इस विंडो में अमेरिका के साथ एक छोटी लेकिन ठोस ट्रेड डील कर लेनी चाहिए, जिसमें ऊर्जा को प्रतिबंधों से बाहर रखा जाए।

नौवां और अंतिम, हम ऊर्जा में आत्मनिर्भरता का रोडमैप तैयार करें।सुझात्मक पत्रकारिता का अंतिम लक्ष्य समाधान है। दीर्घकाल में समाधान रूसी तेल नहीं है। समाधान है-ग्रीन हाइड्रोजन, इथेनॉल ब्लेंडिंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और घरेलू तेल उत्पादन। जब तक हम 85 प्रतिशत तेल आयात करेंगे, तब तक हर अमेरिकी चुनाव और हर रूस-यूक्रेन मिसाइल हमारे बजट को हिलाती रहेगी। अतः निष्कर्ष के रूप में हम कह सकतें हैं कि ट्रम्प का यह आदेश भारत के लिए एक लाइफलाइन है। लेकिन लाइफलाइन पर हमेशा लटका नहीं जा सकता। भारत को इस मोहलत का उपयोग एक ऐसी ऊर्जा नीति बनाने में करना चाहिए जो न तो वाशिंगटन में लिखी जाए, न मॉस्को में, बल्कि दिल्ली में-भारतीय हित में।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सतर्कता
डॉ. मोनिका शर्मा



अंधेरा नहीं प्रकाश फैलाने का काम करें स्क्रीन सितारे

देश-दुनिया से जुड़े मामलों में सोची-समझी रणनीति संग बोलने वाले फिल्मी सितारों को स्वयं अपने दायित्वबोध को लेकर भी तो सचेत चाहिए, क्योंकि युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन की दुनिया से जुड़े लोकप्रिय चेहरों द्वारा आमजन के विचार-बर्ताव गहराई से प्रभावित होते हैं। यहां तक कि पर्दे पर दिखती कोई फिल्मी भूमिका भी लोगों के मन तक उतर जाती है। बीते दिनों 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिल्मी कलाकारों अपील की कि वे ऐसी चीजों का प्रचार न करें, जिनसे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। राष्ट्रपति मुर्मू के अनुसार 'अत्यधिक लोकप्रिय फिल्मी कलाकारों में देश के लोगों, विशेषकर युवाओं को प्रभावित करने की बड़ी ताकत होती है। ऐसे में जब जनप्रिय सितारे अनुशासित जीवनशैली के महत्व के बारे में चर्चा करते हैं, तो लोग उस पर ध्यान देते हैं। लोग उनका अनुसरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं भारत के बड़े सितारों से निवेदन करना चाहूंगी कि वे ऐसी किसी भी चीज का प्रचार न करें जो शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकती है। एक सितारे का काम प्रकाश फैलाना होता है। अंधेरा नहीं।' वस्तुतः, यह बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि जनप्रियता अपने साथ जिम्मेदारी भी लाती है। फिल्मी दुनिया से जुड़े चेहरों की बातें और बर्ताव न केवल चर्चा का विषय बनते हैं, बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। सोशल मीडिया की बढ़ती पहुंच के कारण अब फिल्मी सितारों द्वारा वर्चुअल स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री भी युवाओं के मानस पर दस्तक देने लगी है। पल-पल सामने आते अपने पसंदीदा चेहरों के द्वारा किए गए विज्ञापन तो बहुत सरलता से युवाओं को किसी बुरी लत, नकारात्मक बर्ताव या जीवन को असहज करने वाली आदत का अनुसरण करके के मार्ग पर धकेल देते हैं। स्पष्ट है कि लोकप्रिय चेहरों का हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। युवा और किशोर ऐसी प्रचार सामग्री से भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, नई पीढ़ी की मनःस्थिति पर सीधा असर करते हैं। सामाजिक-पारिवारिक जीवन से जुड़ी उनकी सोच बदलते हैं। व्यक्तिगत जिंदगी की दिशा तय करते हैं। ऐसे में समझना कठिन नहीं कि लोकप्रिय चेहरों द्वारा हानिकारक उत्पादों का प्रचार करना पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। वस्तुतः, जन-कल्याण से जुड़े सजगता लाने वाले विज्ञापन हों या विशुद्ध व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुंच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियां मोटी धनराशि चुकाकर इन सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं, बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के उपयोग की सलाह देते भी दिखते हैं। इसीलिए किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों का दायित्व है। चर्चित चेहरों को एक आम नागरिक के रूप में भी अपनी जवाबदेही का स्मरण होना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भी कहा जा चुका है कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है।साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर नौ अरब डॉलर का ख़र्च होता है।विचारणीय है कि हर तरह के उत्पाद के प्रचार के लिए फिल्मी हस्तियों को आगे करने की सोच दुनिया के हर हिस्से में है। उनकी ख्याति को अपने उत्पाद की पहुंच बढ़ाने का माध्यम बनाने की व्यावसायिक रणनीति सदा से रही है। नतीजतन, यह स्पष्ट दिखता है कि फिल्मी चेहरों द्वारा प्रचारित बहुत से नुकसानदेह उत्पादों-सेवाओं ने सहजता से लोगों के जीवन में स्थान बना लिया है। विशेषकर शराब, तंबाकू, कर तरह के शीतल पेय और कई तरह की गेमिंग एवं ऑनलाइन गतिविधियों के खतरे तो जग-जाहिर हैं। ऐसे में लोकप्रिय सितारों को जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझना चाहिए। ध्यातव्य है कि महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंढे द्वारा भी राष्ट्रपति का वीडियो साझा करते हुए कहा गया कि प्रभाव का मतलब छूट नहीं है। किसी खाद्य उत्पाद के प्रचार की बात आती है तो स्वास्थ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता। कलाकारों को अपने प्रभाव के साथ ही कानून का सम्मान करते हुए किसी उत्पाद, व्यवहार या आदत का प्रचार करते समय अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

अंतर्मन



आज की पाती

अराजकता के पीछे के चेहरे पहचानना जरूरी

लोकतंत्र में सरकारों के विरुद्ध असंतोष व्यक्त करना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन जब विरोध प्रदर्शन हिंसा, आगजनी, तोडफ़ोड़ और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का माध्यम बन जाएं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि विरोध के पीछे केवल जनाक्रोश है या कोई अपने निहित स्वार्थों के लिए इस आक्रोश का इस्तेमाल भी कर रहा है। इन दिनों यूरोप के अनेक देशों में उभरते विरोध प्रदर्शनों ने इसी चिंता को गहरा किया है। फ्रांस, इटली, अल्बानिया, पुर्तगाल और बेल्जियम में महंगाई, बेरोजगारी, आवास संकट, शिक्षा तथा सरकारी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं। कुछ मांगें जायज हो सकती हैं, लेकिन अराजकता फैलाने से किसी भी देश का भला नहीं होगा।

- मनोज कश्यप, जगदलपुर

ट्रेंड

अपने संसाधनों पर भरोसा रखें



हमें अपने संसाधनों पर भरोसा रखना चाहिए। अपने संकल्प को शक्ति में बदलना चाहिए और अपनी मेहनत से समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। क्योंकि भगवान श्रीराम ने हमें सिखाया है कि कठिनाइयां हमारी यात्रा को रोक नहीं सकतीं।' -**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

आतंक की कोई जगह नहीं



आतंकवाद को सही ठहराने का कोई आधार नहीं हो सकता। इससे निपटने में दोहरे मापदंड नहीं हों। आतंकवादियों को धन देने वालों, उनका समर्थन करने वालों या उन्हें सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराने वालों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। -**राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

भाजपा लोगों को बांट रही



देश में हर कोई जानता है कि बांटने वाली पॉलिटिक्स कौन कर रहा है। भाजपा नेता लोगों को बांट रहे हैं, उनकी सोच नेगेटिव है और वे पुराने विचार थोपना चाहते हैं। वे अंडरग्राउंड काम करते हैं, सुरंगों में रहते हैं और साजिशें रचते हैं। एसआईआर प्रक्रिया होने के बावजूद मतदाता सूची में गड़बड़ियां बनी रहीं। -**अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

ज्ञानेश इस्तीफा दें



ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। निर्वाचन आयोग और उसके आईटी प्रभाग में पूरी तरह से बदलाव किया जाए। कानून के तहत मतदाता सूची को लेकर ईआरओ के पास वैधानिक अधिकार हैं, लेकिन देशभर में ईसीआईनेट प्रणाली और निर्वाचन आयोग के आईटी प्रभाग ने इन उपायों को दरकिनार किया। -**जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

करंट अफेयर

संयुक्त राष्ट्र ने फलस्तीनियों की खाद्य सहायता घटाई

संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने गंभीर वित्तीय संकट के कारण गाजा में पांच लाख और वेस्ट बैंक में दो लाख फलस्तीनियों को दी जाने वाली खाद्य सहायता में कटौती की है। एजेंसी के प्रमुख ने यह जानकारी दी।



विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के कार्यवाहक प्रमुख कार्ल स्काऊ ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की अपील की, ताकि एजेंसी खाद्य सहायता बहाल करने और अगले छह महीने तक गाजा तथा वेस्ट बैंक में गर्म भोजन एवं खाद्य पैकेट उपलब्ध कराने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण इस महीने गाजा में खाद्य सहायता पाने वाले लोगों की संख्या 16 लाख से घटाकर 11 लाख और वेस्ट बैंक में चार लाख से घटाकर दो लाख कर दी गई है। दोनों फलस्तीनी क्षेत्रों का दौरा कर लौटे स्काऊ ने यरुशलम से वीडियो ब्रीफिंग के दौरान संयुक्त राष्ट्र से कहा कि गाजा में जीवन अब भी ''बेहद कठिन'' और अविश्वसनीय रूप से खतरनाक है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की टीमों ने पिछले सप्ताह हर दिन लगभग 50 हमले दर्ज किए। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के बाद से ''हम अकाल की स्थिति को पीछे करने में सक्षम रहे हैं।''

ऑफ बीट

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ क्या सेहत के लिए नुकसानदेह

अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ को लोग ज्यादा अच्छा नहीं मानते हैं। कई अध्ययनों में इन्हें कई तरह की दीर्घकालिक बीमारियों से जोड़ा गया है। कई



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर इन्हें जहर तक बताते हैं। जनस्वास्थ्य के कुछ विशेषज्ञ इनके उत्पादन और उपभोग पर दुनिया भर में पूरी तरह रोक लगाने की मांग करते हैं। साधारण शब्दों में कहें तो अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़े पैमाने पर औद्योगिक तरीके से तैयार किए जाने वाले खाद्य उत्पाद हैं। इन्हें बनाने में ऐसे घटकों का इस्तेमाल होता है, जो आमतौर पर घरों की रसोई में नहीं मिलते। इनमें अपने मूल स्वरूप में मौजूद साबुत खाद्य पदार्थ बहुत कम मात्रा में होते हैं या बिल्कुल नहीं होते। एनओवीए प्रणाली खाद्य पदार्थों को उनके प्रसंस्करण के स्तर के आधार पर चार श्रेणियों में बांटती है। एनओवीए की पहली श्रेणी में ऐसे असंसाधित या बहुत कम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ आते हैं, जो पौधों या जानवरों से प्राप्त होते हैं और अपने प्राकृतिक स्वरूप के करीब होते हैं। इनमें कोई अतिरिक्त पदार्थ नहीं मिलाया जाता। इन अध्ययनों से एक नतीजा लगातार सामने आया है-जो लोग ज्यादा अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाते हैं, उनमें कई दीर्घकालिक बीमारियों और समय से पहले मृत्यु का खतरा अधिक होता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

निषाद कुमार ने जीते 2 गोल्ड, एथलेटिक्स में भारत का बोलबाला, पदकों की संख्या 30 के पार

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत के लिए पैरा एशियाई खेल का तीसरा दिन शानदार रहा है। तीसरे दिन 20 अक्टूबर को 5 गोल्ड मेडल जीत लिए। इसी के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या भी 30 के पार पहुंच गई और मेडल टैली में भारत ने छठे स्थान पर जगह बना ली है।

निषाद कुमार किसी एक एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं। उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले दूसरे दिन उन्होंने लॉन्ग जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं एशियाई पैरा खेलों के पुरुष चक्का फेंक के एफ44/64 स्पर्धा में भारतीयों ने तीनों पदक अपने नाम किए, जिसमें देवेंद्र



कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। भारत के लिए छठा गोल्ड अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने जीता। फिर फिर पुरुषों की एफ51/52/53 स्पर्धा में प्रणव सूरमा ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह एथलेटिक्स में भारत ने अब तक कुल 6 गोल्ड जीते हैं। वहीं एक गोल्ड भारत को पैरा शूटिंग में मोना अग्रवाल ने दिलवाया था।

दौड़ : फर्राटा धाविका सिमरन को स्वर्ण

अनुभवी फर्राटा धाविका सिमरन ने एशियाई पैरा खेलों में नए रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता जबकि हमवतन तेजलबेन दामोर ने कांस्य पदक हासिल किया। सिमरन ने 24 . 80 सेकंड का समय निकाला और ईरान की हजर सफरजादेह को पछाड़ा, जिन्होंने 25 . 02 सेकंड का समय लिया। पहली बार इन खेलों में उतरी तेजलबेन ने 25.23 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। टी12 श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए हैं, जो काफी हद तक दृष्टिबाधित होते हैं।



पैरा एशियाई खेल

पावरलिफ्टिंग : अशोक ने जीता रजत पदक

अशोक ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की 65 किलो पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। सैतीस वर्ष के अशोक ने 192 किलो वजन उठाया। चीन के पैरालम्पिक चैम्पियन जोउ यि ने 216 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इंडोनेशिया के मारगोनो को कांस्य पदक मिला। अशोक ने 187 किलो के साथ शुरुआत की जबकि दूसरे प्रयास में 192 किलो वजन उठाया। वह अंतिम प्रयास में 201 किलो नहीं उठा सके। सोनीपत जिले के गोहाना के रहने वाले अशोक को बचपन में पोलियो हो गया था। पैरा पावरलिफ्टिंग एक बेंच प्रेस प्रतियोगिता है, जिसमें शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत की परीक्षा ली जाती है। इसमें केवल एक ही स्पर्धा होती है लेकिन खिलाड़ी अलग-अलग वजन श्रेणियों में हिस्सा लेते हैं। पावरलिफ्टिंग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के कूल्हों या पैरों में कोई शारीरिक अक्षमता होती है।

चक्काफेंक: प्रणव ने जीता स्वर्ण

प्रणव सूरमा ने पुरुषों की चक्काफेंक एफ51/52/53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि राम रतन सिंह को रजत पदक मिला। उन्होंने चौथे प्रयास में 11 . 66 मीटर थ्रो फेंककर नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया। 31 वर्ष के सिंह ने दूसरे प्रयास में 10.35 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक जीता। ईरान के अलीरजा हेमामी को कांस्य पदक मिला। हेमामी ने 20.20 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन रजा अंक प्रणाली के कारण वह तीसरे स्थान पर रहे।

400 मीटर टी20 स्पर्धा : दीप्ति जीवनजी ने जीता गोल्ड

दीप्ति जीवनजी ने रिकॉर्ड के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में 56.36 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तेलंगाना के वारंगल के एक दूरदराज के गांव से ताल्लुक रखने वाली दीप्ति के माता-पिता अपने गांव में छोटे किसान हैं और मजदूरी भी करते हैं। दीप्ति की प्रतिभा को सबसे पहले उनके स्कूल के एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक ने पहचाना था। बैडमिंटन के दिग्गज खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद ने भी उनकी मदद की।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

नंदनी ने लगाई लंबी छलांग, क्रांति को बढ़त

एजेंसी ▶▶| दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जिताऊ प्रदर्शन के बाद, भारत की नंदनी शर्मा और क्रांति गौड़ को आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा मिला है। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद, ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने वनडे रैंकिंग में अपनी स्थिति बेहतर की है।

भारतीय गेंदबाजों में नंदनी ने सबसे बड़ी छलांग लगाई। जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो टी20 मुकाबलों में तीन विकेट लेने के बाद, वह 26 स्थान ऊपर चढ़कर 45वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इस दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने पहले मैच में 11 रन देकर दो विकेट लिए थे और अब वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 507 रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। वहीं, क्रांति ने पहले दो मैचों में एक-एक विकेट चटकाए। वह नौ स्थानों की छलांग लगाकर 43वें नंबर पर पहुंच गई हैं।

शेफाली चौथे स्थान पर बरकरार

भारत की बल्लेबाजी रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला है। दूसरे टी20 में 25 गेंदों पर 55 रन बनाने के बाद, शेफाली वर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं, सीरीज के पहले मैच में 37 गेंदों पर 49 रन बनाने के बाद, दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 37वें नंबर पर आ गई हैं।



न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा

न्यूजीलैंड को गेंदबाजी रैंकिंग में भी फायदा हुआ है। जेस केर 5 स्थान ऊपर चढ़कर 17वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि ब्री इलिंग 6 स्थान के सुधार के साथ अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें नंबर पर पहुंच गई हैं। मैन्सी पटेल 5 स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 35वें नंबर पर आ गई हैं।

हरमनप्रीत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

नंदनी शर्मा ने 18 रन देकर 3 विकेट लिए

भारत ने घर पर सबसे बड़ी टी-20 जीत दर्ज की

हरमनप्रीत कौर ने 91 रन बनाए, इंटरव्यू के दौरान भावुक हुईं

भारत ने जिम्बाब्वे को 92 रन से हराया, टी-20 सीरीज 3-0 से जीती

भाषा ▶▶| रायपुर

पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने पुराने तेवरों का शानदार नमूना पेश करके नाबाद 91 रन की जबरदस्त पारी खेली जिससे भारत ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे को 92 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के 41 गेंदों में नाबाद 91 रन और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 37 गेंद पर 69 रन की मदद से सात विकेट पर 216 रन बनाए। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 124 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से शार्ने मायर्स ने 60 और बिलव्ड बिजा ने 44 रन का योगदान दिया लेकिन इससे केवल हार का अंतर ही कम हो पाया। भारत की तरफ से नंदिनी शर्मा ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत ने पहला मैच चार विकेट और दूसरा मैच नौ विकेट से जीता था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन वनडे मैच की शृंखला खेली जाएगी। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने बल्लेबाजों को अधिक मौके देने के उद्देश्य से टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला



किया। इसी उद्देश्य से उन्होंने अनुष्का शर्मा (20 गेंदों में 28 रन) को शेफाली के साथ बल्लेबाजी का आगाज करने के लिए भेजा। शेफाली ने लगातार दूसरा अर्धशतक बनाकर भारत की पारी को आगे बढ़ाया। अनुष्का और शेफाली ने 32 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करके पारी की अच्छी नींव रखी। अनुष्का ने पांचवें ओवर में टेंडाई मकुशा की गेंद पर जोरदार छक्का जड़ा। दूसरी ओर शेफाली ने भी तूफानी बल्लेबाजी की और अपने पांचों छक्के डीप मिड-विकेट के ऊपर से लगाए। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट का भी प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया। शेफाली के आउट होने के बाद हाल में तीनों प्रारूप की कप्तानी छोड़ने वाली हरमनप्रीत ने कमान संभाली। उन्होंने भी अपनी पारी में पांच छक्के लगाए। विकेट बल्लेबाजी के लिए अनुकूल था जिसमें हरमनप्रीत ने अपने आक्रामक कौशल का शानदार नमूना पेश किया। यह 37 वर्षीय बल्लेबाज एशिया कप में धीमी पिचों पर लय हासिल नहीं कर पाई थी जबकि एशियाई खेलों में उन्हें बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला था। यह पूर्व कप्तान इसके बाद काफी भावुक हो गई थी। पिछली 10 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना पाने वाली हरमनप्रीत ने कहा, ''मुझे क्रीज पर कुछ समय बिताने का मौका मिला। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मैं केवल अपने खेल का आनंद लेना चाहती थी और जितना हो सके उतनी देर तक बल्लेबाजी करना चाहती थी।'' भारत ने आखिरी पांच ओवरों में चार विकेट खोकर 62 रन बनाए। जिम्बाब्वे की तरफ से बिलव्ड बिजा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। जिम्बाब्वे की टीम बड़े लक्ष्य के सामने किसी भी समय जीत हासिल करने की कोशिश करती हुई नहीं दिखी।

भारत- 216/7 (20)

खिलाड़ी	रन
शेफाली वर्मा का माकुशा बो बिजा	69
अनुष्का शर्मा का ग्वांजुरा बो सिबांडा	28
निकी प्रसाद का फिरि बो ग्वांजुरा	9
हरमनप्रीत कौर नाबाद	91
रिचा घोष का ग्वांजुरा बो बिजा	1
दीप्ति का मुपाचिकवा को माकुशा	0
अरूंधति रेड्डी का चिगोरा बो बिजा	4
प्रेमा रावत रन आउट	4
क्रांति गौड़ नाबाद	0
अतिरिक्त : 10 रन	
योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 216 रन	
गेंदबाजी : सिबांडा 4-0-33-1, माकुशा 4-0-45-1, चिगोरा 3-0-40-0, फिरि 3-0-33-0, ग्वांजुरा 2-0-15-1, बिजा 4-0-50-3	

जिम्बाब्वे-124/7 (20)

खिलाड़ी	रन
केलिस नधलोवु का प्रसाद बो गौड	00
शार्ने मेयर्स का शैफाली बो प्रसाद	60
मोडेस्टर मुपाचिक्वा का घोष बो नंदनी	01
बिलव्ड बिजा बो नंदनी	44
न्याशा ग्वांजुला बो रेड्डी	02
चिपो का शैफाली बो दीप्ति	07
लोरिन फिरी का रावत बो नंदनी	01
तेंडाई माकुशा नाबाद	01
नोमवेलो सिबांडा नाबाद	01
अतिरिक्त: 07	
कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर 124 रन	
गेंदबाजी: क्रांति गौड़ 3-0-19-1, नंदनी शर्मा 4-0-18-3, शैफाली वर्मा 1-0-2-0, अरुंधति रेड्डी 3-0-26-1, प्रेमा रावत 3-0-36-0, दीप्ति शर्मा 4-0-18-1, निकी प्रसाद 2-0-5-1	

खबर संक्षेप



शेफाली ने किया नियम का उल्लंघन, लगी फटकार

दुबई। शेफाली वर्मा को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में एक कैच छूटने के बाद हताशा में मैदान पर गेंद जमीन पर फेंकने के कारण आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। रायपुर में रविवार को भारत की 9 विकेट से जीत के दौरान 22 वर्ष की शेफाली को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। उन्हें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के उपकरणों या कपड़ों, मैदान के उपकरणों, या साजो सामान के दुरुपयोग से संबंधित है।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: दर्शकों को मिलेगी फ्री में एंट्री


नई दिल्ली। जालंधर और मोहाली में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैचों में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने यह घोषणा की। जालंधर स्थित ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम और मोहाली स्थित ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में कुल मिलाकर 20 मैच खेले जाएंगे। लीग चरण के सभी मैच 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जालंधर में खेले जाएंगे जबकि सेमीफाइनल और फाइनल 4 और 5 नवंबर को मोहाली में होंगे।

स्टार्क ने रचा इतिहास, टेस्ट में लिए 450 विकेट

एजेंसी ▶▶| ग्केबेहा

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट हासिल करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने यह उपलब्धि दूसरे टेस्ट की पहली पारी में हासिल की, जब तीसरे दिन की शुरुआत में उन्होंने वियान मुल्डर को आउट किया।

इसी के साथ स्टार्क टेस्ट करियर में 450 विकेट हासिल करने वाले ग्लेन मैक्ग्रा के बाद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज और कुल मिलाकर चौथे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए हैं।



बने दूसरे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज

109 मुकाबलों में छुआ आंकड़ा

मिचेल स्टार्क ने सिर्फ 109 मुकाबलों में 450 टेस्ट विकेट का आंकड़ा छुआ। इसी के साथ स्टार्क सबसे कम मुकाबलों में इस आंकड़े को छूने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन मैक्ग्रा ने ऐसा 100वें टेस्ट मैच में किया था, जबकि शेन वॉर्न ने यहां तक पहुंचने के लिए 101 मुकाबले खेले। वैश्विक स्तर पर बात करें, तो मुथैया मुरलीधरन इस लिस्ट में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 80 टेस्ट मुकाबलों में यह आंकड़ा छुआ था। वहीं, भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (89) इस फेहरिस्त में दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने किया सीरीज पर कब्जा, न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉर्थ सिडनी ओवल में खेले गए टी20 सीरीज के दूसरे मैच को 40 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला मुकाबला 2 विकेट से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरा टी20 भी जीतकर मेजबान टीम ने सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच इसी मैदान पर 22 अक्टूबर को खेला जाना है।

सिडनी में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी : ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 167 रन बनाए। इस टीम ने 41 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद बेथ मूनी ने एशले गार्डनर के साथ चौथे विकेट के लिए 35 गेंदों में 60 रन जुटाकर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी। इस टीम को 10 के स्कोर पर जॉर्जिया प्लिमर (6) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने फ्लोरा डेवोनशायर (12) के साथ दूसरे विकेट के लिए 26 रन, जबकि मैडी ग्रीन (26) के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रन जुटाकर टीम को 77 के स्कोर तक पहुंचाया।

टेनिस

निंगबो ओपन नहीं खेलेंगी इगा डब्ल्यूटीए रेस से हुईं बाहर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने निंगबो ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। इसके साथ ही वह डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहुंचने की रेस से भी बाहर हो गई हैं।

स्वियातेक ने यह फैसला अपनी जांघ की चोट के कारण लिया है। उन्हें यह चोट वुहान ओपन के सेमीफाइनल में अपनी ही देश की खिलाड़ी माजा चवालिनस्का के खिलाफ खेलते समय लगी थी। इस फैसले के साथ ही पोलैंड की इस खिलाड़ी के लिए डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सीधे क्वालीफाई करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। अब उनके पास साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट में खेलने का एकमात्र तरीका यह है कि वह एक वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर इसमें शामिल हों।

खुद को आराम देने का सही फैसला

स्वियातेक ने कहा, काफी सोच-विचार के बाद मैंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे अपनी बाईं जांघ में लगातार परेशानी हो रही है। मुझे लगता है कि खुद को आराम देने और ठीक होने के लिए समय देना ही सही फैसला है।" उन्होंने आगे कहा, मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित थी। मैं टूर्नामेंट के आयोजकों और उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जो मुझे खेलते हुए देखना चाहते थे। मुझे अगले साल फिर से यहां आने का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर

2023 की डब्ल्यूटीए फाइनल्स विजेता स्वियातेक, फिलहाल साल के अंत में होने वाले टूर्नामेंट की रेस में 9वें स्थान पर हैं। क्वालीफिकेशन के लिए अब केवल एक ही जगह बची है। स्वियातेक के साथ इस जगह के लिए चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा भी रेस में थीं, जो फिलहाल सातवें स्थान पर हैं।

सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए 10 सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित

कजाकिस्तान में म्हारी 7 बेटियां दिखाएंगी दांप पेच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली महिला पहलवानों का चयन किया गया है। चयनित टीम में 50 किलोग्राम में उत्तरप्रदेश की नीलम सीरोही, 53 किलोग्राम में जींद की निशु भानवाला, 55 किलोग्राम में महाराष्ट्र की अहिल्या शिंदे, 57 किलोग्राम में दिल्ली की नेहा शर्मा, 59 किलोग्राम में रोहतक की मनीषा भानवाला, 62 किलोग्राम में चरखी दादरी की नेहा सांगवान, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी की रजनीता जांगड़ा, 68 किलोग्राम में सृष्टि, 72 किलोग्राम में हिसार की तनु शर्मा, 76 किलोग्राम में सोनीपत की काजल ढोचक का चयन हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों से देश को विश्व स्तर पर पदक की भारी उम्मीदें हैं। इस चयन पर हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने गहरा हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश और विशेषकर हरियाणा के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा हमारी महिला पहलवानों ने कड़ी मेहनत और पसीने के दम पर विश्व मंच पर अपनी जगह बनाई है। हमें पूरा विश्वास है कि कजाकिस्तान के इस महामुकाबले में ये सभी बेटियां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का तिरंगा झंडा ऊंचा करेंगी और ऐतिहासिक पदक जीतकर लौटेंगी। संघ इन सभी खिलाड़ियों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है।





बैठक के अंत में जारी की गई संयुक्त घोषणा, संगठन के देशों ने एकजुटता से किया स्वीकार

आतंकवाद पर भारत को कतई स्वीकार नहीं दोहरे मापदंड, एससीओ करे सामूहिक कार्रवाई

दुशांबे में एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक में रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान, चीन पर साधा निशाना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बनी हुई अस्थिरता के बीच मंगलवार को ताजिकिस्तान के दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की 25वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत का नेतृत्व करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दो टूक अंदाज में आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी आतंकवाद पर दोहरे मापदंड स्वीकार नहीं करेगा। समूह देशों को इस अंतरराष्ट्रीय चुनौती के समूचे तंत्र को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुटता के साथ सामूहिक प्रयास करने की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। आतंकवाद शांति, विकास के समक्ष खड़े सबसे बड़े खतरों में से एक है। ऐसे में इसके समर्थकों के लिए कहीं कोई स्थान नहीं हो सकता है। वहीं, कनेक्टिविटी यानी संपर्क सभी देशों के साथ विचार-विमर्श तथा उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित होना चाहिए।

यूएन में पाक आतंकियों का मसीहा चीन

गौरतलब है कि रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के दोनों निकट पड़ोसी देशों को इसलिए कठघरे में खड़ा किया। क्योंकि इनमें से एक पाकिस्तान दुनियाभर में न केवल आतंकवाद का जन्मदाता है, बल्कि उसके द्वारा दशकों से भारत के खिलाफ सीमापार आतंकवाद के नाम पर मासूम लोगों की बर्बरता से हत्या की जा रही है। दूसरा चीन है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तानी आतंकियों व उनके संगठनों (लश्कर, जैश मुख्य हैं) पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने को लेकर लाए जाने वाले प्रस्ताव के विरोध में हमेशा ढाल बनकर खड़ा हो जाता है। इस संबंध में हालांकि प्रस्ताव तो भारत द्वारा पेश किए जाते हैं। लेकिन परिषद का स्थायी व वीटो अधिकार वाला एक सदस्य होने की वजह से चीन हमेशा ही पाकिस्तान का पक्ष लेता है। जिससे मौत के सौदागर खूंखार आतंकी आसानी से बचकर निकल जाते हैं।

आतंकियों की सहायता पर लगे फुलस्टॉप

राजनाथ के मुताबिक, आतंकवाद के कई नुकसान हैं। जिसमें इसकी वजह से कई बेकसूर लोगों की जान चली जाती है। निवेश, व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह वो समस्या है, जिससे समाज में कट्टरता बढ़ती है और युवाओं को वो अवसर नहीं मिलते। जिसके सही मायने में वो हकदार हैं। ऐसे में इसे किसी भी परिस्थिति में जायज नहीं ठहराया जा सकता है तथा इससे मुकाबले करने के लिए दोहरा मापदंड नहीं अपनाना चाहिए। उन्होंने संगठन के सामने पुनः स्पष्ट करते हुए कहा कि आतंकवादियों को आर्थिक सहायता देने, उनका समर्थन करने या उन्हें सुरक्षित रूप से शरण देने वालों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

चीन के पीएम, पाक के उप-प्रधानमंत्री हुए शामिल

बैठक में भाग लेने वाले एससीओ के बाकी देशों के राष्ट्राध्यक्षों में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, ईरान के प्रथम उप-राष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ, रूसी संघ की सरकार के अध्यक्ष मिखाइल मिशुस्तीन शामिल हैं। इसके अलावा मेजबान ताजिकिस्तान के प्रधानमंत्री कोखिर रसूलजोदा, उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री अब्दुल्ला आरिपोव, कजाकिस्तान, बेलारूस के प्रधानमंत्री ने भाग लिया। पर्यवेक्षक देशों-संगठनों के प्रतिनिधि व रैट्स के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। 2001 में स्थापित एससीओ का भारत 2017 से पूर्ण स्थायी सदस्य है। 2005 से 17 तक वह पर्यवेक्षक के तौर पर संगठन से जुड़ा रहा।



लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दिया जोर

उन्होंने भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार-आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, ऊर्जा-खाद्य सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं सहित तकनीकी विभाजनों से उत्पन्न अनिश्चित वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए एससीओ में आम सहमति बनाने के अलावा उसे ठोस कार्रवाई में परिवर्तित की आवश्यकता पर बल दिया है। लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को सशक्त बनाने, व्यापार-निवेश को सुगम बनाने और विकास को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की जरूरत बताई। आर्थिक सहयोग का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए 2026 से 2030 तक की अवधि के लिए बहुपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम से जुड़ी कार्य योजना को अपनाने के भारत के समर्थन की राजनाथ ने पुष्टि की है।

एनएसटीसी, चाबहार को बताया लाभप्रद

साझा समृद्धि के लिए संपर्क व्यवस्था के महत्व पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, नई दिल्ली ऐसी गतिविधियों के पक्ष में खड़ी है। जो बाजारों को आपस में जोड़ने, व्यापार को सुगम बनाने व विकास के नए अवसर खोलती हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (एनएसटीसी) और चाबहार बंदरगाह परियोजना जैसी पहल को मध्य एशिया को बड़े बाजारों से जोड़ने में अहम योगदान देने वाली बताया है। अगस्त में बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन में लिए गए तमाम निर्णयों का राजनाथ सिंह ने स्वागत करते हुए कहा, इनकी मदद से ताशकंद में सार्वभौमिक केंद्र, दुशांबे में मादक पदार्थ रोधी केंद्र को संगठन के स्थायी निकायों के रूप में स्थापित किया जाएगा। केंद्रों की प्रभावशीलता उनके बेहतर समन्वय, कार्यकुशलता तथा निर्धारित समय पर कार्यों के निपटारे पर निर्भर करेगी।

बीआरआई का नहीं किया जिक्र

उन्होंने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के अप्रत्यक्ष उल्लेख के साथ चीन को संदेश देते हुए कहा कि संपर्क व्यवस्था सभी देशों के साथ बातचीत, उनकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। जो परियोजनाएं इन सिद्धांतों पर आधारित नहीं हैं। वह टिकाऊ नहीं हो सकती हैं। उन्होंने संगठन देशों के प्रतिनिधियों को सुझाव देते हुए कहा कि क्षेत्र में व्यापार लागत घटाने के लिए केवल भौतिक संपर्क व्यवस्था तक सीमित रहने की जगह पर व्यापक उपाय अपनाने की दरकार है। इस बाबत सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, डिजिटल दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देना, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को दुरुस्त बनाना और आपस में सहजता से जुड़ने, प्रभावी ढंग से काम करने वाले डिजिटल समाधानों को अपनाना चाहिए।

भविष्योन्मुखी रूपरेखा को बताया महत्वपूर्ण

एससीओ से आग्रह करते हुए राजनाथ ने कहा कि बीते ढाई दशक में मजबूत की गई नींव को और अधिक सुदृढ़ करें, आम सहमति पर आधारित सहयोग, ठोस परिणामों पर केंद्रित भविष्योन्मुखी रूपरेखा तैयार करे। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत सभी देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2026 के अंत में भारत द्वारा आयोजित किए जाने वाले पहले एससीओ सभ्यता संवाद मंच में भाग लेने के लिए सभी को आमंत्रित किया। भारत के मुताबिक, आर्थिक सहयोग समावेशी होना चाहिए, सदस्यों को इसका लाभ मिलना चाहिए। संगठन को संप्रभु समानता, आम सहमति व आपसी सम्मान के सिद्धांतों के पालन के लिए प्रतिबद्ध-दृढ़ रहना चाहिए।

यूएई के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अल नाहयान के साथ मुंबई में हुई बैठक में बोले जयशंकर

खाड़ी के हालात पर गंभीर रूप से चिंतित भारत संवाद-कूटनीति को लेकर मदद को तैयार



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया के साथ-साथ खाड़ी क्षेत्र में जारी भीषण युद्ध के बीच मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ एक द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए सभी पहलुओं की व्यापक रूप से समीक्षा की गई है।

जबकि साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान प्रदान किया गया। बैठक में विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने खाड़ी के इलाके में बने हुए मौजूदा हालात को भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि इसे लेकर दोनों देश न केवल एकजुटता से कार्य करने बल्कि बातचीत और कूटनीति को बढ़ावा देने वाले सभी प्रयासों को मजबूती से अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा हम व्यापार, ऊर्जा और उर्वरकों की स्वतंत्र, सुरक्षित रूप से आवाजाही को बनाए रखने के पक्ष में भी हैं।

100 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा व्यापार

विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में डॉ. जयशंकर ने ये भी कहा कि वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच भारत, यूएई की आर्थिक साझेदारी निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वर्ष 2022 में हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीपा) के बाद से हमारा द्विपक्षीय व्यापार 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को भी पार कर गया है। इस संवाद को उत्पादक बताते हुए उन्होंने कहा, इतना ही नहीं दोनों देशों के बीच दो-तरफा निवेश लगातार बढ़ रहा है। जो हमारे उद्योगों द्वारा भारत, यूएई की अर्थव्यवस्थाओं के प्रति प्रदर्शित किए गए विश्वास की मिसाल प्रस्तुत करता है। करीब एक दशक तक चली सतत गतिविधियों की बदौलत आज दोनों देशों के संबंध व्यापक सामरिक भागीदारी को लेकर किए गए अपने वादों पर खरे उतर रहे हैं।

रक्षा, ऊर्जा, तकनीक का बढ़ा महत्व

उन्होंने कहा कि रक्षा, ऊर्जा, तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग हमारे संबंधों के सामरिक चरित्र में शुमार हो गया है। इसके अलावा दोनों की आम जनता के बीच स्थापित संबंध लगातार हमारे समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने में मददगार साबित हो रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक भागीदारी को भी काफी गति मिली है। बैठक को लेकर जयशंकर ने एक्स पोस्ट में बताया कि दोनों पक्षों की वार्ता में सहयोग की व्यापकता, महत्वाकांक्षा व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स, रक्षा, शिक्षा समेत आमजन के संबंधों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। दोनों का संबंध सीपा में दर्शायी गई प्रतिबद्धता को पूरा कर रहा है।

शीर्ष नेताओं के स्तर पर जारी यात्राएं

इस साल 2026 में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय गतिविधियों के मामले में असाधारण गति देखने को मिली है। जिसमें भारत ने जहां जनवरी महीने में यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का स्वागत किया। इसके अगले फरवरी महीने में एआई शिखर सम्मेलन में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद की अध्यक्षता में भारत आए प्रतिनिधिमंडल की नई दिलली ने अगवानी की। इसके अलावा 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में यूएई की महत्वपूर्ण भागीदारी देखने को मिली है। इन सबसे इतर 2026 के मई महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी के इस अहम देश का आठवां दौरा किया है।

आतंकियों तक न पहुंचे संवेदनशील हथियार तकनीकः भारत

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति में भारत की ओर से लोकसभा सांसद आलोक कुमार सुमन ने कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। भारत ने आतंकवादियों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार पहुंचने के खतरे पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि वैश्विक समुदाय से दोहरे उपयोग वाली और संवेदनशील तकनीक के हस्तांतरण पर सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए सार्वभौमिक, गैर-भेदभावपूर्ण और सत्यापन योग्य कानूनी ढांचा बनाने पर जोर दिया।

मुंबई में डॉ.जयशंकर और मार्को रुबियो के बीच हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक से निकला ये निष्कर्ष

भारत, अमेरिका के विदेश मंत्रियों ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर जताई सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर आगे बढ़ती चर्चाओं के मध्य मंगलवार को मुंबई में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसके केंद्र में व्यापार, निवेश के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों को प्रमुखता के साथ शामिल किया गया है। डॉ.एस.जयशंकर और मार्को रुबियो ने इस वार्ता में दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की है। अमेरिका के विदेश मंत्री 20 से 22 अक्टूबर तक भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत आर्थिक राजधानी मुंबई पहुंचे। इसी परिपेक्ष्य में उनकी यह बैठक हुई है। जबकि इसके पूर्व में वह उज्बेकिस्तान के समरकंद में थे।

रुबियो की पोस्ट का सार

बैठक को लेकर दोनों विदेश मंत्रियों ने एक्स पर पोस्ट साझा की। मार्को रुबियो ने अपनी पोस्ट में बताया कि इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री के साथ प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों में गतिविधियों को पहले के मुकाबले अधिक निकटता के साथ बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया गया। हमने ऊर्जा सुरक्षा तथा रक्षा सहयोग के मामले पर विचार-विमर्श करते हुए भारत, अमेरिका व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक उन्नत बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। वहीं, नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस बैठक को उत्पादक बताते हुए कहा कि दोनों शीर्ष मंत्रियों के बीच चर्चा के एजेंडे में मुख्य रूप से रक्षा, ऊर्जा, व्यापार और उभरती हुई तकनीक जैसे मामलों का समावेश किया गया। विदेश मंत्री रुबियो, डॉ.जयशंकर के मध्य इन तमाम क्षेत्रों में सहयोग को पहले से अधिक गहनता प्रदान करने को लेकर रजामंदी प्रदान की गई है।



संबंधों को आगे बढ़ाने में मिलेगी मदद

भारत के विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ हुई अपनी इस मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि हमने अपनी बातचीत के दौरान संबंधों को आगे बढ़ाने पर विचार साझा किए हैं। हमारे संवाद में व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, रक्षा और आमजनता के बीच संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा क्षेत्रीय विकास पर भी विचार साझा किए गए हैं।

इस साल रुबियो की दूसरी भारत यात्रा

विदेश मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री के 20 अक्टूबर को मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचने पर महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष शेलार ने उनका जोरदार अंदाज में स्वागत किया। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए एक नया अवसर मिलेगा। द्विपक्षीय बैठक से पहले दोनों विदेश मंत्रियों ने ताजमहल होटल में 26/11 आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। यह हमला 2008 में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन ने किया था। जिसमें भारत, अमेरिका के कई निर्दोष नागरिक मारे गए थे। मुंबई में बैठक व अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद रुबियो गुजरात के जामनगर जाएंगे। वहां से ही उनकी भारत की यह यात्रा आधिकारिक रूप से समाप्त होगी और वह वापस अमेरिका लौट जाएंगे।

मुंबई में ही हुई त्रिपक्षीय बैठक

उधर, इस द्विपक्षीय बैठक से इतर मुंबई में ही भारत, यूएई और अमेरिका के विदेश मंत्रियों के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक भी हुई है। जिसमें डॉ.जयशंकर, मार्को रुबियो और शेख अल नाहयान ने भाग लिया। तीनों विदेश मंत्रियों की वार्ता में ऊर्जा, कनेक्टिविटी सहित समसामयिक विकास पर बने हुए दृष्टिकोणों का उपयोगी रूप से आदान-प्रदान किया गया।

अकेली एक कंपनी नहीं रोक सकती बेकाबू एआईः सैम ऑल्टमैन

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने अपने कर्मचारियों के साथ एक बैठक में स्पष्ट किया कि एडवांस्ड एआई को किसी बड़े संकट में बदलने से रोकने के लिए केवल एक कंपनी का प्रयास कभी काफी नहीं होगा। उन्होंने तर्क दिया कि एआई के विकास को धीमा करने के व्यावहारिक रास्ते बहुत कम हैं, इसलिए अब यह सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है कि इसका अंतिम नियंत्रण हमेशा इंसानों के हाथ में ही रहे। उन्होंने कहा कि एक अन्य विकल्प में कोई एक एआई कंपनी इतनी आर्थिक और तकनीकी ताकत हासिल कर ले कि दूसरी कंपनियों को जरूरी कंप्यूटिंग संसाधन न मिल सकें। इससे संभावित रूप से खतरनाक एआई सिस्टम बनाने की उनकी क्षमता सीमित हो सकती है।

एआई सुरक्षा मानकों के लिए वैश्विक संगठन बनाने पर जोर ⟩ **यह जरूरी कि इसका अंतिम नियंत्रण हमेशा इंसानों के हाथ में ही रहे**

बड़ी एआई कंपनियां मिलकर करें काम

सैम ऑल्टमैन ने बचाव के लिए खास दो उपाय सुझाए हैं। पहले विकल्प में



अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की तर्ज पर एक वैश्विक संगठन बनाने का विचार है। यह संस्था एडवांस्ड एआई के लिए सुरक्षा मानक तय कर सकती है और उनके पालन की निगरानी कर सकती है। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे प्रमुख देशों के बीच सहयोग जरूरी हो सकता है। दूसरे विकल्प में बड़ी एआई कंपनियां मिलकर एक साझा संस्था के तहत काम कर सकती हैं। इसका विचार सीईआरएन जैसी अंतरराष्ट्रीय रिसर्च संस्था से जुड़ा है, जहां कई देश मिलकर वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। ऑल्टमैन के बताए मॉडल में यह साझा संगठन सहयोग करने वाले देशों के लिए एआई मॉडल विकसित कर सकता है। उन्होंने तर्क दिया कि एआई के विकास को धीमा करने के व्यावहारिक रास्ते बहुत कम हैं, इसलिए अब यह सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है कि इसका अंतिम नियंत्रण हमेशा इंसानों के हाथ में ही रहे।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109